अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 222 लखनऊ, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### देश में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन बन चुका है सबसे बड़ा अपराध : राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन में शांतिपूर्ण विरोध करना सबसे बड़ा अपराध बना गया है। श्री गांधी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को ऐसी दिशा में धकेला जा रहा है, जहां असहमति को देशद्रोह और सवाल पूछने को साज़िश बताया जाता है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि यदि कोई नागरिक संवैधानिक तरीके से सत्ता के खिलाफ आवाज़ उठाता है, तो उसके हिस्से में लाठीचार्ज, मुकदमे और जेल ही आते हैं। उन्होंने विभिन्न आंदोलनों का हवाला देते हुए कहा कि पेपर लीक से परेशान युवाओं के विरोध का जवाब लाठियों से दिया गया।

### बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी के मुंबई के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड से संबंधित बैंक ऑफ बड़ौदा ऋण मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के मुंबई स्थित आवास और कार्यालय में तलाशी ली। यह कार्रवाई 2,220 करोड़ रुपये से अधिक के कथित ऋण धोखाधड़ी मामले में की गई है।सीबीआई के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा की 24 फरवरी 2026 की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, उसके प्रमोटर एवं पूर्व चेयरमैन अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### शराब पीकर गाड़ी चलाने पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा रद्द : गडकरी

नई दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोगों का जीवन बचाने के लिए सरकार सुरक्षा कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही है और इसमें रोड इंजीनियरिंग, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग, सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करते हुए शिक्षा तथा जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्री गडकरी ने गुरुवार को यहां हैबिटेट सेंटर में सीआईआई के तत्वावधान में आयोजित 'नेशनल कन्क्लेव ऑफ रोड सेफ्टी' विषय पर अपने विचार पेश करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में हर साल लाखों लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में जाती है और उसे बचाना आवश्यक है इसलिए सड़क इंजीनियरिंग के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर सख्त रुख नियम बनाए जा रहे हैं।

# ग्रीन हाइड्रोजन भविष्य की ऊर्ज़ा का आधार : योगी

## यूपी सरकार व यामानाशी के बीच ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक पर ऐतिहासिक समझौता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मुख्यमंत्री ने यामानाशी (जापान) स्थित अत्याधुनिक हाइड्रोजन संयंत्र का दौरा किया, स्वच्छ ऊर्ज़ा मॉडल से प्रभावित हुए सीएम
- सीएम ने पावर-टू-गैस प्रणाली को करीब से देखा और विशेषज्ञों से इसकी कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की



लखनऊ। जापान दौरे पर गए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। उप्र सरकार ने जापान के यामानाशी प्रांत के साथ ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत भारतीय छात्रों को जापान में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी ने यामानाशी में आयोजित यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो में प्रदेश की नई विकास नीति और निवेश संभावनाओं को वैश्विक उद्योग जगत के सामने प्रमुखता से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने शासन की कार्यशैली को रिएक्टिव (Reactive) से बदलकर प्रोएक्टिव (Proactive) बनाया है और यही परिवर्तन आज प्रदेश की तेज आर्थिक प्रगति का आधार बना है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश व यामानाशी के बीच ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए हैं। इसके तहत उत्तर प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्र जापान में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और इस तकनीक को प्रदेश की इंडस्ट्री, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और ऊर्ज़ा क्षेत्र में लागू किया जाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में कई जी2जी (गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट) और जी2बी (गवर्नमेंट टू बिजनेस) स्तर की बैठकों में भाग लिया, जहां भारतीय दूतावास के सहयोग से जापानी उद्योग समूहों से व्यापक संवाद हुआ। उन्होंने यामानाशी प्रशासन को सक्रिय पहल कर निवेश संवाद को आगे बढ़ाने के लिए विशेष धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने रोबोटिक्स को भविष्य की प्रमुख तकनीक बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट में रोबोटिक्स के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की व्यवस्था की है। हमें विश्वास है कि उत्तर प्रदेश और यामानाशी के बीच सहयोग भारत-जापान संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जाएगा और ऊर्ज़ा आत्मनिर्भरता तथा तकनीक को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 25 करोड़ की आबादी वाला उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है, जहां प्रकृति की विशेष कृपा है। भारत की सबसे उर्वर भूमि, सर्वाधिक जल संसाधन, विशाल मानव संसाधन और आध्यात्मिक-सांस्कृतिक विरासत उत्तर प्रदेश को विशेष पहचान देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है और पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय तथा अर्थव्यवस्था तीन गुना करने में सफलता मिली है। आज उत्तर प्रदेश भारत की सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री योगी ने शासन व्यवस्था में आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले समस्याओं पर प्रतिक्रिया देने वाली व्यवस्था थी, जबकि अब उत्तर प्रदेश ने प्रोएक्टिव गवर्नेंस मॉडल अपनाया है। निवेश आकर्षित करने, उद्योगों को सुविधा देने, नई तकनीक अपनाने और वैश्विक साझेदारी बढ़ाने की दिशा में सरकार लगातार पहल कर रही है। इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान की यात्रा पर आया है ताकि संभावनाओं को अवसर में बदला जा सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यामानाशी प्रांत के राज्यपाल एवं उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जापान सरकार और यामानाशी प्रशासन ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल को उनके विशिष्ट क्षेत्रों को नजदीक से समझने और उद्योग जगत से सीधे संवाद का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है। योगी ने उपस्थित इंडस्ट्री लीडर्स तथा भारतीय समुदाय के लोगों का भी स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिसंबर 2024 में यामानाशी के राज्यपाल उत्तर प्रदेश आए थे और उसके बाद दोनों सरकारों के बीच निरंतर संवाद, फॉलो-अप तथा प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान से यह सहयोग नई दिशा में आगे बढ़ा। उन्होंने कहा कि बिजनेस डेलीगेशन के अध्ययन और रिपोर्ट के बाद आज राज्यपाल के आमंत्रण पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल यामानाशी पहुंचा है, जहां सहयोग को ठोस रूप मिला है।

## डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को कंटेंट और बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी : वैष्णव




एजेंसी

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को उनके द्वारा होस्ट किए जाने वाले कंटेंट की जिम्मेदारी लेने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि बच्चों और सभी नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करना अब प्लेटफॉर्म्स का दायित्व है। मंत्री वैष्णव ने गुरुवार को यहां डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएनपीए) के कॉन्क्लेव में अपने मुख्य वक्तव्य में कहा कि प्लेटफॉर्म्स को जागने और समाज की बुनियादी जरूरतों का सम्मान करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट की प्रकृति अब पूरी तरह बदल चुकी है और अब प्लेटफॉर्म्स केवल माध्यम नहीं, बल्कि प्रभावशाली मीडिया संस्थान बन चुके हैं। उन्होंने कहा, प्लेटफॉर्म्स को अपने यहां होस्ट किए जा रहे कंटेंट की जिम्मेदारी लेनी ही होगी। बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा और सभी नागरिकों की सुरक्षा प्लेटफॉर्म्स की जिम्मेदारी है।

# विवादों का समाधान संवाद से हो : मोदी

- भारत-इजरायल संबंधों को 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का दर्ज़ा, जल्द होगा मुक्त व्यापार समझौता : मोदी

एजेंसी



यरुशलम।पश्चिम एशिया में तनाव और युद्ध के बढ़ते खतरों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि इस क्षेत्र के साथ भारत के हित सीधे हुड़े हुए है और क्षेत्र के मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण तरीकों से निकाला जाना चाहिए।

ईरान के परमाणु कार्यक्रम और वहां मानवाधिकारों की स्थिति को ले कर उसके और अमेरिका के बीच टकराव की बढ़ती आशंकाओं के बीच श्री मोदी ने कहा कि भारत और दुनिया के विकासशील देश शुरू से चाहते हैं कि मसलों का समाधान संवाद और शांतिपूर्ण तरीके से हो।

प्रधानमंत्री ने इजराइल की यात्रा के दूसरे और आखिरी दिन यहां इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ साझा संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता से भारत के सीधे सुरक्षा हित जुड़े हैं। इसलिए हमने शुरुआत से ही संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है।'' उन्होंने कहा कि ''ग्लोबल साउथ ( विकासशील देश) और पूरी मानवता की पुकार भी यही है।''

श्री मोदी ने कहा, 'भारत की सोच स्पष्ट है: मानवता कभी भी किसी लड़ाई के बीच न पिसे।'' प्रधानमंत्री ने अमेरिकी पहल से गाजा क्षेत्र में शांति और विकास के लिए तय की गयी योजना के प्रति भारत के समर्थन को दोहराते हुए कहा, ' गाजा शांति योजना से शांति का एक रास्ता बना है। भारत ने इन प्रयासों का पूर्ण समर्थन किया है। भविष्य में भी हम सभी देशों के साथ संवाद और सहयोग जारी रखेंगे।''उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया के साथ भारत के सदियों पुराने आर्थिक , वाणिज्यिक , सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संबंध है।

### भारत और इजराइल द्विपक्षीय मंत्री स्तरीय बैठकों की व्यवस्था पर सहमत

यरुशलम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के दौरान दोनों देश भविष्य में नियमित तौर पर द्विपक्षीय मंत्री स्तरीय बैठकों की व्यवस्था पर सहमत हुए हैं। श्री मोदी की यात्रा के दूसरे और अंतिम दिन गुरुवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसकी घोषणा की। दोनों देशों के बीच संबंधों में नवाचार को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य उन्हीं का है जो नवाचार करते हैं, और इजराइल तथा भारत नवाचार के लिए प्रतिबद्ध हैं। नियमित मंत्री स्तरीय बैठकों की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा, ''हम प्राचीन सभ्यताएं हैं, अपने अतीत पर बहुत गर्व करने वाली, लेकिन भविष्य को अपनाने के लिए पूरी तरह दृढ़ संकल्पित - और हम इसे साथ मिलकर और बेहतर कर सकते हैं। हमने भारत में जी2जी (सरकारों के बीच) बैठक करने का निर्णय लिया है।'' उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने ''भारत के असाधारण रूप से प्रतिभाशाली लोगों और इजराइल के लोगों'' के साथ सहयोग पर चर्चा की, और इसे ठोस रूप देने पर सहमत हुए।

# एनसीईआरटी की 8वीं क्लास की ''सामाजिक विज्ञान'' किताब पर प्रतिबंध

एजेंसी

- जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी




नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक पर प्रतिबंध लगा दिया। न्यायालय ने 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' का संदर्भ देने वाले एक अध्याय पर गंभीर आपत्ति जताते हुए पुस्तक की सभी प्रतियों (मुद्रित और डिजिटल) को स्कूलों, दुकानों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से तुरंत वापस लेने का आदेश दिया।

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पांचोली की पीठ ने कहा कि अध्याय की सामग्री न्यायपालिका की गरिमा और अधिकार को कम करने का एक गहरा और जानबूझकर किया गया प्रयास प्रतीत होती है।

न्यायालय ने अवमानना अधिनियम के तहत एनसीईआरटी के निदेशक और स्कूल शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर पूछा कि उनके और इसमें शामिल अन्य लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए। विवादित हिस्से को तैयार करने वाले नेशनल सिलेबस बोर्ड के सदस्यों के नाम और विवरण मांगते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा, ''यह एक सुनियोजित कदम है। पूरे शिक्षण समुदाय को बताया जाएगा कि न्यायपालिका भ्रष्ट है और मामले लंबित हैं। फिर छात्र और माता-पिता। यह एक गहरी साजिश है।''

न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि ऐसा लगता है कि पुस्तक में शब्दों और भावों का चयन केवल अनजाने में या सद्भावनापूर्ण त्रुटि नहीं हो सकता है। न्यायालय ने उन बैठकों का विवरण भी मांगा है जिनमें इस अध्याय की सामग्री पर चर्चा हुई और इसे मंजूरी दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ''हम इसकी गहरी जाँच चाहते हैं। हमें यह पता लगाने की आवश्यकता है कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है और हम देखेंगे कि इसमें कौन लोग शामिल हैं। जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी, हम इस मामले को बंद नहीं करेंगे।'' न्यायालय ने स्पष्ट किया कि स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई यह कार्यवाही निष्पक्ष आलोचना को दबाने या न्यायपालिका के बारे में शैक्षणिक चर्चा को रोकने के लिए नहीं है। न्यायालय ने कहा कि स्वस्थ बहस संस्थाओं को मजबूत करती है। हालांकि, युवा छात्रों को ऐसे एकतरफा और भ्रामक विमर्श के संपर्क में नहीं लाया जाना चाहिए जो न्याय प्रणाली में जनता के विश्वास को नुकसान पहुँचा सके।

न्यायालय ने पाया कि पुस्तक लोकतांत्रिक ढांचे को संरक्षित और मजबूत करने में उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों द्वारा निभाई गई भूमिका पर मौन है।

## द केरल स्टोरी 2 की रिलीज पर हाईकोर्ट की रोक

### सेंसर बोर्ड ने नहीं लगाया दिमाग : हाईकोर्ट

एजेंसी




कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को फिल्म 'द केरल स्टोरी 2-गोज़ बियॉन्ड' की रिलीज पर अंतरिम रोक लगा दी और कहा कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि फिल्म को प्रमाणित करते समय सेंसर बोर्ड ने विवेक का इस्तेमाल नहीं किया है।

न्यायमूर्ति बेचू कुरियन थॉमस ने फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। फिल्म 27 फरवरी को रिलीज होने वाली थी।

अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि कोई फिल्म सामाजिक सद्भाव को भंग नहीं करे, यह सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया गया।

## बिना शुल्क रद्द करा सकेंगे हवाई टिकट

एजेंसी

- डीजीसीए ने बदला बड़ा रूल, नाम अपडेट करने पर नहीं लगेगा अतिरिक्त शुल्क

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने रिफंड को लेकर हवाई यात्रियों की बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर,नये नियम जारी किये हैं जिसके तहत बुकिंग के 48 घंटे के भीतर बिना किसी शुल्क के टिकट रद्द कराने या उसमें बदलाव का प्रावधान किया गया है।

नियामक ने रिफंड जारी करने की अधिकतम समय सीमा और न्यूनतम रिफंड की सीमा भी तय कर दी है। इसके लिए सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स (सीएआर) में बदलाव किये गये हैं। सीएआर के तहत देश के नागरिक उड्डयन क्षेत्र का नियमन होता है। नये नियम 26 मार्च 2026 से प्रभावी होंगे। नये नियमों के अनुसार, टिकट बुकिंग के बाद 48 घंटे तक एयरलाइंस यात्रियों को ''लुक-इन ऑप्शन'' देंगी। इस दौरान वे ''बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के'' टिकट रद्द करा सकेंगे या उसमें बदलाव कर सकेंगे। हालांकि यदि वे दूसरी उड़ान में बुकिंग कराने का विकल्प चुनते हैं तो दोनों के किराये में जो भी अंतर हो, उसका भुगतान उन्हें करना होगा।

# आदित्य ने आदित्य के बहाने दिखाया आदित्य


अभयानंद शुक्ल, कार्यकारी सम्पादक

- यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने जापान में सूर्योदय और सूर्यवंश की अद्भुत तुलना की
- मुख्यमंत्री का हालिया जापान दौरा सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से काफी सफल भी रहा
- जापानी निवेशकों ने दिल खोलकर 11000 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर किए हस्ताक्षर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन के देदीप्यमान सूर्यवंश और उसकी राजधानी अयोध्या के साथ सूर्य की पहली किरण के साक्षी जापान के साथ यूपी के रिश्तों की एक अनूठी इबारत लिख दी है। मुख्यमंत्री के दो दिन के दौरे में जापानी निवेशकों ने 11000 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव यूपी के लिए दिए हैं। यानी आर्थिक और सांस्कृतिक लिहाज से मुख्यमंत्री योगी का जापान दौरा काफी सफल रहा। योगी ने सूर्य, सूर्यवंश और बौद्ध धर्म के बहाने जापानियों से यूपी का भावनात्मक रिश्ता जोड़ा।

सीएम योगी ने जापान के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत, सनातन धर्म की धरती है, और उसी सनातन से बौद्ध धर्म का जन्म हुआ है। और चूंकि जापान में बौद्ध धर्म के लोग रहते हैं, इसलिए जापान और यूपी का आपस में रिश्ता है। योगी ने कहा कि यदि हमारी यूपी में प्रभु श्रीराम को समर्पित रामायण सर्किट बना है, तो हम भगवान बुद्ध को समर्पित बौद्ध सर्किट पर भी काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान की धरती पर सूर्य की पहली किरण पड़ती है। और यही किरण आगे चलकर सूर्यवंशी भगवान श्रीराम की राजधानी अयोध्या में उनके विग्रह को सूर्य स्नान कराती है। और हमें इस बात का गर्व है कि वह अयोध्या हमारी यूपी में है। इस नाते भी हमारा आपसे नाता है।



सीएम योगी की जापान यात्रा के दौरान वहां के निवेशकों ने दिल खोलकर निवेश के प्रस्ताव दिए। एक जानकारी के अनुसार यूपी को पहले दिन ही 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले और उनके एमओयू पर किए हस्ताक्षर किए गए। इस दौरे के पहले दिन औद्योगिक निवेश पर महत्वपूर्ण प्रगति हुई। निवेश का यह आंकड़ा अभी प्रारंभिक है, और इसके और बढ़ने की उम्मीद है। जापान में आयोजित यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो में भी योगी ने भारत-जापान के ऐतिहासिक-सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊर्ज़ा देने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत-जापान का संबंध सूर्य की प्रथम किरण से प्रारंभ होकर सूर्यवंश की राजधानी और उत्तर प्रदेश की अयोध्या से एक आत्मीय संवाद के रूप में जुड़ता है। और इस ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संवाद को आगे बढ़ाते हुए हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है।योगी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश की भूमिका वैश्विक निवेश मानचित्र पर तेजी से उभर रही है। उन्होंने यूपी की मजबूत आधारभूत संरचना, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, औद्योगिक क्लस्टर और उद्योग समर्थक नीतियों का उल्लेख करते हुए जापानी निवेशकों को यूपी में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत और जापान के बीच आर्थिक सहयोग का यह नया अध्याय उत्तर प्रदेश को भविष्य की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# गंगा हॉस्टल में एक और छात्रा की तबीयत बिगड़ी

## प्रॉक्टोरियल बोर्ड के साथ पहुंचे कुलपति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस के गंगा हॉस्टल में मेस का खाना खाने से गुरुवार सुबह एक और छात्रा की तबीयत बिगड़ गई। इस बीच मौके पर कुलपति और प्रोक्टोरियल बोर्ड के लोगों ने पहुंचकर जानकारी ली। उधर, छात्राएं एक बार फिर विरोध पर उतरीं। इससे पहले बुधवार को 2 छात्राओं की तबीयत मेस का खाना खाने से बिगड़ गई थी। गंगा हॉस्टल के मेस में परोसे गए कथित दूषित भोजन को लेकर स्थिति गंभीर होती जा रही है। मेस का खाना खाने के बाद कई छात्राओं ने पेट दर्द, उल्टी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें की हैं। इससे पहले गंगा हॉस्टल में बुधवार दोपहर को मेस का खाना खाने के बाद लॉ थर्ड ईयर छात्रा को उल्टियां हुईं। इसके बाद वह बेहोश हो गई। देर रात को एक और छात्रा की तबीयत बिगड़ गई थी। इससे नाराज साथी छात्राओं ने देर शाम हॉस्टल में जमकर हंगामा किया था। छात्राएं बोलीं- जब तक मेस संचालक के खिलाफ एक्शन नहीं होगा, धरना जारी रहेगा। लॉ फैकल्टी की फाइनल ईयर स्टूडेंट मेघना शाह ने बुधवार दोपहर में मेस का खाना खाया। कुछ ही देर में उन्हें तेज उल्टियां शुरू हो गईं। वह बेहोश हो गईं। साथी छात्राओं ने उन्हें संभाला। मेघना का कहना है कि दाल में कीड़े थे। खाने का स्वाद भी ठीक नहीं था। इसका वीडियो भी बनाया। खाना खाने के बाद मेघना की तबीयत बिगड़ गई। छात्राओं ने वार्डन जहान्वी और हॉस्टल की प्रोवोस्ट नीतम सिंह को सूचना दी, लेकिन समय पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो सका। छात्राओं का कहना है कि मेस की गुणवत्ता को लेकर पहले भी शिकायतें की गई थीं, पर सुधार नहीं हुआ। छात्राओं ने सुरक्षित माहौल, स्वच्छ भोजन और आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने की मांग की है। गंगा हॉस्टल के मेस में परोसे गए दूषित भोजन को लेकर स्थिति गंभीर होती जा रही है। देर रात एक और छात्रा की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उसे तत्काल डॉक्टर के पास ले जाया गया। बताया जा रहा है कि मेस का खाना खाने के बाद कई छात्राओं ने पेट दर्द, उल्टी और अन्य स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें की हैं। इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहीं छात्राओं ने आरोप लगाया है कि दूषित भोजन के खिलाफ धरने पर बैठने के दौरान हॉस्टल की प्रोवोस्ट नीतम सिंह ने उन्हें धमकाया।

## लाल बारादरी सील किए जाने के विरोध में परिवर्तन चौक पर प्रदर्शन का रहे छात्रों से पुलिस की नोकझोंक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित लाल बारादरी सील किए जाने के विरोध में बापसा, भाकपा माले और आइसा के छात्रों ने आज जोरदार प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन पर रोक होने के कारण परिवर्तन चौक से स्वास्थ्य भवन चौराहे तक पैदल मार्च निकाला। मुस्लिम समाज के लोग भी इसमें शामिल हुए। डीएम ऑफिस जाने पर अड़े प्रदर्शनकारियों की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। सिटी मजिस्ट्रेट ज्ञान गुप्ता ने स्वास्थ्य भवन चौराहे पर ही पहुंचकर उनका ज्ञापन लिया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हुआ। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का अड्‌डा बना दिया गया है। संघ प्रमुख मोहन भागवत के कार्यक्रम के बाद लाल बारादरी सील किया गया है।

# मांगों को लेकर राष्ट्रवादी ड्राइवर यूनियन ने परिवहन आयुक्त कार्यालय घेरा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राजधानी में गुरुवार को राष्ट्रवादी ड्राइवर यूनियन शक्ति के बैनर तले बड़ी संख्या में ड्राइवरों और वाहन मालिकों ने परिवहन आयुक्त कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुरानी गाड़ियों पर लगाए जा रहे रोड टैक्स की पेनाल्टी को माफ करने और वन टाइम टैक्स नीति में संशोधन की मांग उठाई। यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि आर्थिक तंगी और बदलते नियमों के चलते कई वाहन मालिक समय पर टैक्स जमा नहीं कर पा रहे हैं, जिसके कारण उन पर भारी पेनाल्टी लगाई जा रही है। उनका आरोप है कि यह व्यवस्था छोटे वाहन चालकों और मध्यम वर्गीय मालिकों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि वन टाइम टैक्स की वर्तमान नीति को चार भागों में विभाजित किया जाए, ताकि वाहन मालिकों को किस्तों में भुगतान की सुविधा मिल सके। यूनियन का कहना है कि इससे टैक्स जमा करने की प्रक्रिया आसान होगी और वाहन मालिकों को राहत मिलेगी। प्रदर्शन के दौरान यूनियन प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा प्रदेश संगठन में बढ़ेगी महिलाओं, दलित और ओबीसी की भागेदारी, होली के बाद होगा ऐलान

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नई प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान होली के बाद किया जा सकता है। पार्टी संगठन में इस बार नए चेहरों को मौका देने की तैयारी है। खासतौर पर महिलाओं, दलितों और ओबीसी वर्ग की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी मिलने के बाद नई टीम की औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी। लंबी संगठनात्मक प्रक्रिया के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी लगभग तैयार है। बचे हुए कई मंडल अध्यक्षों के नाम मंगलवार और बुधवार को घोषित कर दिए गए हैं। बाकी जिलाध्यक्षों और प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा भी इसी सप्ताह होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह केंद्रीय नेतृत्व से लगातार चर्चा कर रहे हैं। ज्यादातर नामों पर सहमति बन चुकी है। अंतिम मंजूरी मिलते ही नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी। पार्टी नई टीम में क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन बनाए रखने की कोशिश कर रही है। पूर्वांचल के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नेताओं को भी उचित प्रतिनिधित्व देने पर विचार किया जा रहा है। पार्टी का लक्ष्य नए और सक्रिय चेहरों को आगे लाकर संगठन को मजबूत करना है। सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन के जरिए भाजपा आगामी चुनावों के लिए अपनी तैयारियों को और मजबूत करना चाहती है। इसलिए जिला कार्यकारिणी के गठन में भी महिलाओं, दलितों और ओबीसी को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।

### लखनऊ सिविल कोर्ट में पिस्टल-कारतूस समेत 2 युवक गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ सिविल कोर्ट परिसर से 2 युवकों को पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इनमें से एक आरोपी का केस एनआईए कोर्ट में चल रहा है। पुलिस ने दोनों से पूछताछ कर रही है। कोर्ट परिसर में हथियार ले जाने की मंशा अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार भानु प्रताप यादव राजाजीपुरम इलाके का रहने वाला है। उसका एक मामला एनआईए कोर्ट में विचाराधीन है। गुरुवार को वह कचहरी परिसर में प्रवेश करते समय गेट नंबर-8 पर रोका गया। तलाशी के दौरान उसके पास से फैक्ट्री मेड .32 बोर पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के मुताबिक वह नशे में था और उसके पास एक ब्रीफकेस भी मिला। प्रारंभिक पूछताछ में उसने पिस्टल को लाइसेंसी बताया, लेकिन मौके पर कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। दूसरा आरोपी लालचंद अमन विहार, ठाकुरगंज क्षेत्र का निवासी है। वह भानु प्रताप यादव के साथ कचहरी परिसर पहुंचा था। पुलिस ने दोनों को एक साथ हिरासत में लिया। फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि लालचंद की भूमिका क्या थी और वह किस उद्देश्य से भानु प्रताप के साथ न्यायालय परिसर आया था। कोर्ट परिसर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में पिस्टल और कारतूस के साथ युवकों का पकड़ा जाना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि नियमित चेकिंग और सतर्कता के कारण ही दोनों को समय रहते पकड़ लिया गया। दोनों युवकों को संबंधित थाने ले जाया गया है, जहां उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कोर्ट परिसर में हथियार ले जाने के पीछे उनकी क्या मंशा थी।

### दो नाबालिग सहित 3 चोर गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मड़ियांव क्षेत्र में बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में दो नाबालिग हैं। तीनों ऑटो से घूमकर रेकी करने के बाद घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी बरामद हुई है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीमें गश्त पर थी इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि प्रधान मैरिज लॉन कट से बालाजी इन्क्लेव जाने वाले रास्ते पर तीन संदिग्ध व्यक्ति एक ऑटो में बैठे हैं। सूचना पर टीम रवाना हुई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जैसे ही ऑटो को घेरकर रोकने की कोशिश की, उसमें बैठे लोग भागने का प्रयास करने लगे। घेराबंदी कर पुलिस ने ऑटो समेत तीनों को पकड़ लिया।

# दारूल इफ़्ता फरंगी महल का ऐलान, 70 रूपेय प्रति व्यक्ति स़द्क़ा फित्ऱ अदा करें

लखनऊ। दारूल इफ्ता वल कज़ा दारूल उलूम फरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह लखनऊ ने अपने बयान में कहा कि इस्लामी शरीअत के साफ और खुला आदेश है कि वह ईमान वाले जिनको उनके खालिक म मालिक ने माल व दौलत से नवाजा है वह आर्थिक तौर पर कमजोर, जरूरतमन्द और गरीब बन्दों की हर मुमकिन सहायता करें। मालदार मुसलमानों पर हर साल जकात, सद्का फ़ित्र, और कुर्बानी के आदेश इस बात का खुला हुआ सुबूत हैं। उन्होने कहा कि सद्का फित्र अदा करने का हुक्म इस्लामी शरीअत ने इस लिए दिया है कि जिन खुशकिस्मत मुसलमानों ने रमजान माह के रोजों को पूरा कर लिया है वह ईद की नमाज से पहले गरीब मुसलमानों की मदद करें ताकि वह ईद की खुशियों में शरीक हो सकें। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि फित्रः एक वाजिब सद्का है। यह उस मुसलमान पर वाजिब होता है जो निसाब का मालिक हो चाहे वह मुसाफिर यो या मुकीम, औरत हो या मर्द, नाबालिग हो या बालिग। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि हदीस शरीफ में खुजूर, किशमिश, गेहूँ आटा, जौ और दही या पनीर से सद्का फित्र निकालने का हुक्म है। इस लिए जो लोग खुजूर, जौ और किशमिश में से सद्का फित्र अदा करें तो वह इन चीजों में से किसी एक चीज़ से साढ़े तीन किलो या उसकी कीमत दे दें। उन्होने कहा कि जो हजरात गेहूॅ से सद्का अदा करें तो वह एक किलो पॉच सौ नव्वे ग्राम या उसकी कीमत कम से कम 70 रूपये प्रति व्यक्ति अदा करें।

# प्रत्येक छात्रा अपने कौशल, उपलब्धियों और कॅरियर लक्ष्यों को पेशेवर ढंग से करें प्रस्तुत : डॉ. अनामिका बाजपेयी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, लखनऊ में आज ब्बियोंड आर्डिनरी स्ट्रक्चर्ड डिसीजन मेकिंग एंड कॅरियर स्ट्रेटजी फॉर इमर्जिंग वूमेन स्कॉलर्सङ्क विषय पर विशेष अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता अमेरिका से डॉ. अनामिका बाजपेयी फाउंडर डायरेक्टर वेदांता सेंटर फॉर अकादमिक एंड प्रोफ़ेशनल मेंटरशिप एक्सीलेंस (वी केप मेंटरशिप) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का स्वागत भाषण महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रो. मंजुला उपाध्याय ने दिया तथा मंच संचालन डॉ. विनीता सिंह ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) तथा मिशन शक्ति टीम का विशेष योगदान रहा। सत्र में मार्गदर्शन, शिक्षिकाओं का अनुभव, कौशल विकास और कॅरियर निर्माण की रणनीतियों पर गहन चर्चा हुई और छात्राओं के साथ प्रत्यक्ष संवाद हुआ जिसमें उन्होंने अपने जीवन-लक्ष्यों को साझा किया। किसी छात्रा ने वैज्ञानिक संप्रेषण को अपनाने की इच्छा जताई, किसी ने औषधि कंपनियों में चिकित्सकीय लेखन को अपना लक्ष्य बताया और न्यायालयिक विज्ञान, जैव-प्रौद्योगिकी, जैव-चिकित्सा स्नातकोत्तर कार्यक्रम, एफ.एस.एल. प्रयोगशालाएँ, अनुसंधान कार्यक्रम तथा मोबाइल न्यायालयिक इकाइयां को अपने भविष्य का मार्ग बताया। साथ ही लक्ष्य की स्पष्टता, वित्तीय स्वतंत्रता, जीवनवृत्त निर्माण, नेटवर्किंग और सहयोग जैसे विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। डॉ. अनामिका बाजपेयी ने सत्र में यह भी प्रेरणा दी गई कि प्रत्येक छात्रा को अपना लिंक्डइन प्रोफ़ाइल बनाना चाहिए ताकि वे अपने कौशल, उपलब्धियों और कॅरियर लक्ष्यों को पेशेवर ढंग से प्रस्तुत कर सकें और वैश्विक स्तर पर नेटवर्किंग एवं सहयोग के अवसर प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो. संगीता कोतवाल, आईक्यूएसी संयोजक द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी संकाय की शिक्षिकाएं तथा छात्राएं उपस्थित रहीं। यह व्याख्यान छात्राओं को कॅरियर रणनीति, मार्गदर्शन, व्यावसायिक सहयोग और डिजिटल मंचों पर अपनी पहचान बनाने की वास्तविक समझ भी प्रदान की।

## पत्नी गई थी मायके, राजगीर मिस्त्री ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक राजगीर मिस्त्री ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान चिल्लावां गांव निवासी 30 वर्षीय रूपचंद के रूप में हुई है। वह राजगीर मिस्त्री का काम करता था। अपनी पत्नी सोनी, दो साल के बेटे विनायक और मां मीना के साथ रहता था। उसकी मां मीना लोगों के घरों में झाड़ू-पोछा का काम करती हैं। बुधवार को रूपचंद की पत्नी सोनी अपने बच्चे के साथ उन्नाव जिले के कोंइथर गांव स्थित मायके एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। गुरुवार सुबह उसकी मां मीना भी एलडीए कॉलोनी में झाड़ू-पोछा करने के लिए घर में ताला लगाकर चली गई थीं। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे रूपचंद के मामा रिंकू (गंगानगर, अमौसी निवासी) अपनी बाइक लेने उसके घर पहुंचे। रिंकू की बाइक कई दिनों से रूपचंद के घर में खड़ी थी। उन्होंने घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद पाया और कई बार आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

# बहुजन विरोधी सपा का कांशीराम की जयंती को पीडीए दिवस के रुप में मनाना नाटकबाजी : मायावती

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आज समाजवादी पार्टी (सपा) की ओर से बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती को पीडीए दिवस के रूप में मनाने की घोषणा पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। मायावती ने इसे नाटकबाजी बताते हुए सपा को दलित और बहुजन विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि वोटों के लालच में ऐसा किया जा रहा है। बसपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने गुरुवार सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी एक बयान में सपा का चाल, चरित्र और चेहरा दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं बसपा विरोधी बताते हुए कहा कि सपा का इतिहास बहुजन समाज के संतों, गुरुओं, महापुरुषों के अनादर, अपमान व तिरस्कार का रहा है। इसलिए बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती पर समाजवादी पार्टी का पीडीए दिवस मनाना राजनीतिक नाटकबाजी के सिवाय कुछ भी नहीं है। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि सपा का बदला व्यवहार इन उपेक्षित वर्गों के वोटों का स्वार्थ है। अन्य विरोधी पार्टियां भी इन वर्गों के वोटों के स्वार्थ की खातिर ऐसे ही दिखावा करती हैं। उन्होंने कहा कि 1993 में सपा व बसपा के गठबंधन में दलित एवं अन्य कमजोर वर्गों पर अत्याचार रोकने की पहली शर्त थी, लेकिन इसके बावजूद तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने अपना रवैया नहीं बदला था और फिर बसपा को 1 जून 1995 को सरकार से अपना समर्थन वापस लेना पड़ा था। इसके अगले दिन लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड कराकर मेरे ऊपर जो जानलेवा हमला कराया गया। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि सपा को सत्ता में बैठाने वाले कांशीराम के सम्मान में बसपा सरकार में कासगंज को जिला मुख्यालय का दर्जा देकर कांशीराम नगर जिला बनाया गया, जो अखिलेश यादव के गले के नीचे नहीं उतरा और सपा सरकार बनते ही नाम बदल दिया गया। यह बहुजन समाज के साथ विश्वासघात है। इसी तरह उर्दू-फारसी अरबी यूनिवर्सिटी और सहारनपुर के सरकारी अस्पताल का नाम भी सपा सरकार ने ही बदला था। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि सपा का रवैया मुस्लिम विरोधी भी रहा है। कंाग्रेस की तरह ही सपा सरकारों में भी सांप्रदायिक दंगों में भारी जान-माल की हानि से लाखों परिवार प्रभावित हुए। सपा ने कंाशीराम को जीते-जी सम्मान देना तो दूर उनके देहांत के बाद एक दिन का भी राजकीय शोक तक घोषित नहीं किया। सपा बहुजन समाज को जवाब दे । इसलिए सपा के इन सब दलित विरोधी व जातिवादी कृत्यों को ध्यान में रखकर बहुजन समाज के लोगों को हमेशा सावधान रहना चाहिये, यही बसपा की अपील है। उल्लेखनीय है कि बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक और दलित नेता मान्यवर कांशीराम की जयंती हर साल 15 मार्च को मनाई जाती है।

## रोजेदारों के साथ फूलों की होली खेली चार को

लखनऊ। चौपटिया से होली पर निकलने वाला परम्परागत जुलूस इस साल अपने 52 साल पूरे कर रहा है। यह जुलूस शुभ संस्कार समिति द्वारा निकाला जाता है। शुभ संस्कार समिति के सचिव ऋद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि इस साल भी गंगा जमुना तहजीब के साथ चौपटिया से होली का जुलूस निकलेगा। उन्होंने बताया कि जुलूस में रोजेदारों के साथ फूलों की होली खेली जाएगी। शुभ संस्कार समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडे ने बताया इस बार 4 मार्च को सुबह 9.30 बजे जुलूस कक्कड़ पार्क चौपटिया से शुरू होगा। ऋद्धि किशोर गौड़ ने बताया रमजान का पवित्र माह भी चल रहा है। जुलूस का 70 फीसदी हिस्सा मुस्लिम इलाकों से निकलता है, इसलिए हमेशा की तरह रोजगारों के साथ फूलों की होली खेली जाएगी। उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि चौपटिया से जुलूस भोलेनाथ कुआं, अकबरी गेट, विक्टोरिया स्ट्रीट, मेडिकल चौराहा होते हुए चौक पहुंचेगी। हरदोई रोड होते हुए चौपटिया पर जुलूस समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न जगहों पर मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा स्वागत किया जाएगा।

# मानव सम्पदा पोर्टल को लेकर प्रदेश स्तरीय विरोधसभा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

## बंद मानव सम्पदा पोर्टल के कारण कर्मचारी परेशान

लखनऊ। उ.प्र. लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के तत्ववाधान में राजधानी मुख्यालय सहित जनपद मुख्यालयों पर मानव सम्पदा पोर्टल खोले जाने की मांग को लेकर विरोध समाए की गई। वक्ताओं ने इस दौरान अपने सम्बोधन में कहा कि मानव सम्पदा पोर्टल पर राज्य कर्मचारियों द्वारा नियमानुसार चल-अचल सम्पत्ति का विवरण दर्ज करने हेतु उवप्रव शासन द्वारा आदेश जारी किए गए उक्त विवरण को 31 जनवरी 2026 तक पोर्टल पर भरा जाना था। दिनांक 31 जनवरी 2026 के बाद उक्त पोर्टल के बन्द हो जाने के कारण हमारे कई विभागीय अधिकारीध्कर्मचारी द्वारा वर्तमान में उपरोक्त विवरण नही भर पा रहे हैं। मानव सम्पदा पोर्टल बंद होने के कारण कर्मचारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी मुख्यालय में आयोजित सभा में जे.पी. पाण्डेय प्रान्तीय महामंत्री ने बताया कि 12 फरवरी 2026 को उक्त पोर्टल को एक माह से लिए पुनः खोलने हेतु सम्पूर्ण उ.प्र. के राज्य कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बन्धित जनपद के जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया था ।अब होली व ईद इत्यादि जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार होने के कारण प्रदेश भर में कार्यरत कर्मचारियों के सामने वेतन न मिलने के कारण अत्यन्त विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ना स्वाभाविक है। इस कारणवश मानव सम्पदा पोर्टल पर सम्पत्ति का विवरण दर्ज कराने हेतु, पोर्टल को पुनः खोले जाने के अलिए आज भोजनावकाश के समय दोपहर 2.00 बजे से 2.30 बजे तक प्रदेश के समस्त कार्यालयों पर सामूहिक रूप से एकत्रित होकर कर्मचारियों द्वारा आम सभा कर प्रदेश सरकार से तत्काल प्रभाव से पोर्टल खोले जाने की मांग की गई है।

उन्होंने बताया कि एसोसिएशन की इस मांग को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ व उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ व उ.प्र..फ़ेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विस एसोसिएशन्स का समर्थन मिला है। लखऊ में आयोजित सभा को भारत सिंह यादव, शैलेन्द्र शुक्ला,, यू.पी. सिह, विशाल शुक्ला,मनीष शुक्ला,रामलखन , राजीव श्रीवास्तव प्रान्तीय उपाध्यक्ष,हेमन्त कुमार गूजर प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजीत रावत.आदि ने सम्बोधित किया। प्रदेश के अन्य जनपदो में पद्मनाभ त्रिवेदी प्रान्तीय अध्यक्ष, सुमन कुमारी रावत, ममता रानी,नीलम चौधरी प्रान्तीय संगठन मंत्री, संजीव कुमार गुप्ता प्रान्तीय वित्त, चंदन श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव,गोपाल प्रसाद प्रान्तीय कार्यकारी अध्यक्ष (मथुरा) पंकज कुमार गोयल प्रान्तीय उपाध्यक्ष (आगरा), सूर्यकान्त सोनी प्रान्तीय उपाध्यक्ष (चित्रकूट), अंकुर बाजपेई प्रान्तीय उपाध्यक्ष (प्रयागराज ),प्रशान्त शर्मा प्रान्तीय संगठन मंत्री (पीलीभीत), गंगादीन कुशवाहा प्रान्तीय संगठन मंत्री (बांदा), गिर्राज सिंह प्रान्तीय संगठन मंत्री (अलीगढ़) सहित सभी जनपदों में पोर्टल खोले जाने के लिए विरोध सभाए की गई।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिया नशा मुक्ति का संदेश

लखनऊ। मोहनलालगंज के अंश नगर, रानीखेड़ा स्थित एसडीवी अकैडमी में गुरुवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने नशा मुक्ति पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत कर समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ चेयरमैन लवकुश यादव 'प्रधान' (मंडल अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि बच्चों में अच्छे संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। बच्चों ने स्वागत गीत, समूह नृत्य, देशभक्ति प्रस्तुतियों और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नशा मुक्ति पर आधारित नाटक रहा।

# उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में उतरेगी पार्टी: चेतन शर्मा

लखनऊ। क्रान्तिकारी स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर आज यहां इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हुये अभिनव भारत पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में अगले वर्ष उत्तर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में उतरने की घोषणा करते हुये कहा है कि केन्द्र सरकार वीर सावरकर को भारत-रत्न देने के लिये गंभीर नहीं है। अधिवेशन में पार्टी के सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि वीर सावरकर ने अपने युवावस्था में ही अभिनव भारत संगठन की स्थापना कर पराधीन भारत में क्रान्ति की ज्वाला प्रज्जवलित की थी, उन्होंने केवल स्वतंत्रता का स्वप्न नहीं देखा बल्कि उसके लिये कालकोठरी में अमानवीय यातनायें सही। अंडमान की सेल्युलर जेल की दीवारें आज भी उस तप, त्याग और तेज की साक्षी है, ऐसे व्यक्तित्व को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत भी वीर सावरकर को भारत रत्न दिये जाने को लेकर कह चुके है कि सावरकर के योगदान को देखते हुये यदि उन्हें भारत-रत्न मिलता है तो इससे भारत-रत्न का सम्मान होगा। श्री शर्मा ने बताया कि अभिनव पार्टी ने पिछले वर्ष वीर सावरकर को भारत-रत्न दिलाने की मांग को लेकर देशभर में सावरकर सम्मान यात्रा निकालकर देश की राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित आठ सौ ज्ञापन देश के विभिन्न हिस्सों से दिये गये, लेकिन इसके बावजूद केन्द्र सरकार इस संबंध में कोई विचार नहीं कर रही है, इसके लिये पार्टी निरन्तर संघर्ष करती रहेगी। श्री शर्मा ने अधिवेशन में पारित प्रस्तावों को लेकर कहा कि देश में गाय की सुरक्षा के लिये माता का द़र्जा देने के साथ-साथ उसे राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाये, तभी जाकर देश में गाय माता को बचाया जा सकता है। गौ माता को राष्ट्रीय पशु का द़र्जा केवल भावनात्मक निर्णय नहीं होगा बल्कि यह एक ठोस कानूनी संरक्षण का मार्ग प्रशस्त होगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा के आगामी चुनाव को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन शर्मा ने कहा कि अभिनव भारत पार्टी राज्य के चुनावी रणभूमि में उतरने के लिये पूरी तरह तैयार है, और लगभग तीन सौ सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी है। चुनावी रणनीति को लेकर अभिनव भारत पार्टी जल्द ही अन्तिम रूप देकर उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में उतर जायेगी। इससे पहले इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान में अधिवेशन का शुभारम्भ भारत माता की स्तुति और वन्देभारत गीत के साथ दीप प्रज्जवलित कर हुआ। इस मौके पर प्रमुख रूप से मालेगांव मामले में बरी हुये मेजर रमेश उपाध्याय, मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री कम्प्यूटर बाबा, पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री ममता झा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. नीलेन्द्र गौतम, श्रीमती चित्रा दलाल, स्वरूपानंद महाराज के शिष्य त्रिभुवन दास, कार्तिक गिरी, सर्वेश मिश्रा, महामण्डलेश्वर अमरेशानन्द गिरी सहित देशभर से आये पार्टी के कार्यकर्ता एवं प्रतिनिधि मौजूद थे।

# हीरक जयंती समापन समारोह में पहुँचे उपमुख्यमंत्री, यादों को किया साझा

■ जिले के आठ विधायक और दो सांसदों के न पहुंचने से रहा चर्चाओं का दौर

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जिले के केंद्र सोसायटी नेहरू पीजी डिग्री कॉलेज के 60 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हीरक जयंती समारोह के समापन के अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पहुंचे।

उन्होंने अपने संबोधन में देशी भाषा का प्रयोग करते हुए कॉलेज और शहर से जुड़ी पुरानी स्मृतियों को साझा किया उप मुख्यमंत्री ने कॉलेज के संस्थापक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक मोहनलाल वर्मा को नमन करते हुए कहा कि उनके परिवार से आत्मीय संबंध रहे हैं और वे बचपन में अपने पिता के साथ यहां आया करते थे तब जिला पंचायत में अपना झूला रखकर उनके साथ भोजन और चर्चाएं किया करते थे उन्होंने कहा कि समय के साथ हरदोई में कई उतार.चढ़ाव आएए लेकिन शहर की पहचान और आत्मा हमेशा कायम रही। पुराने दिनों को याद करते हुए उन्होंने परिवहन और बिजली व्यवस्था की कठिनाइयों का भी उल्लेख किया। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे यहां भाषण देने नहीं, बल्कि अपने परिवार के बीच आए हैं। उन्होंने आज के दौर में प्रसिद्ध हो गए डिजिटल शिक्षकों का उदाहरण देते



हुए उन्होंने बताया कैसे अवध ओझा और खान सर जैसे शिक्षक ज्ञान के दम पर नाम के साथ.साथ आर्थिक रूप से भी मजबूत हो रहे हैं उन्होंने दलेलनगर, बावन, बालामऊ, कछौना समेत ग्रामीण क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और शिक्षकों से संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने इतिहास और विज्ञान दोनों विषयों के संतुलित अध्ययन पर जोर देते हुए सूरदास, कबीर और रहीम के दोहों से प्रेरणा लेने की बात कही। साथ ही चंद्रशेखर आजाद का स्मरण करते हुए युवाओं से महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने से सफलता अवश्य मिलती है। समारोह के अंत में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। हालांकि इन सबके बीच जिले के मंत्री, विधायक और जिलाध्यक्ष तक का मंच पर न पहुंचनाए चर्चा का विषय बना हैं। कार्यक्रम में एमएलसी संतोष सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा, प्राचार्य कौशलेंद्र सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बूथ अध्यक्ष की पत्नी को उच्च शिक्षा मंत्री ने दो लाख की सहायता प्रदान की

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**शाहाबाद ( हरदोई )।** विधानसभा क्षेत्र के मोहल्ला खलील निवासी बूथ अध्यक्ष शैलेंद्र पांडे उर्फ गौरी की मौत के बाद आर्थिक तंगी से गुजर रहे परिजनों को उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी द्वारा गुरुवार को अपने आवास पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से निर्गत दो लाख की आर्थिक सहायता का चेक मृतक की पत्नी पुष्पा देवी को प्रदान किया गया। इस सहयोग राशि से आर्थिक तंगी से गुजर रहे परिवार को राहत मिली है। लगभग पांच माह पूर्व मौत हो गई थी। उसके बाद से शैलेंद्र पांडे का परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक और प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उनका आर्थिक सहयोग करने का आश्वासन दिया था। अपने इस आश्वासन के अंतर्गत उन्होंने मुख्यमंत्री विवेकाधीन सहायता कोष से मृतक की पत्नी को दो लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की।

इस मौके पर तहसील प्रशासन, भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, केन ग्रोवर्स अध्यक्ष रंजीत सिंह, मृतक के पिता रामलाल, भाई विपिन आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में न्यूरोलॉजिस्ट, एक्स-रे फिल्म, आयुष की औषधिया एवं जीवन रक्षक दवाओं का अभाव



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** भाजपा नेता आदर्श दीपक मिश्र एडवोकेट हाई कोर्ट ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उत्तर प्रदेश के मातृ, शिशु कल्याण, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को लिखे अपने पत्र में हरदोई की स्वास्थ्य समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया उन्होंने अपने पत्र में लिखा हरदोई जनपद से आपका बचपन का नाता है, यहां के लोग आप से भावनात्मक रूप से जुड़े रहते हैं आप भी हरदोई जनपद से बराबर स्नेह रहते हैं वर्तमान सरकार में प्रमुख भूमिका होने के साथ साथ स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की आपकी जिम्मेदारी है जिसे आप बखूबी निभाते हैं लेकिन हरदोई मेडिकल कालेज में न्यूरोलॉजिस्ट का पद खाली है। दुर्घटनाऔर गंभीर न्यूरो रोगियों को आज भी लखनऊ जाना पड़ता है इस स्थिति में बहुत से मरीजों की जान चली जाती है विभाग के मुखिया होने के नाते आप से अनुरोध है कि हरदोई मेडिकल कॉलेज में न्यूरोलॉजिस्ट की व्यवस्था कराने की कृपा करें।

इसी क्रम में हरदोई अस्पताल में विगत कई वर्षों से एक्स-रे फिल्म ही नहीं है। रेडियोलॉजिस्ट मोबाइल पर चित्र भेज कर काम चला रहे हैं ग्रामीणों में जिनके पास बडा एन्ड्रोयड फोन नहीं है वह बहुत परेशान होते हैं और एक्सरे कराने के लिए दूसरे जिला सीतापुर जाना पड़ता है। लिहाजा आप मेडिकल कालेज में रेडियोधर्मी फिल्म की व्यवस्था कराने की कृपा करे। हरदोई मेडिकल कालेज में आयुष की औशधियाँ (आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथिक) तीनों पद्धतियों की दवाओं का कई वर्षों से अभाव रहता है। साथ ही एलोपैथ दवाओं का भी उपलब्धता हेतु अनुरोध है।

## बच्चों को चिन्हित कर सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का दिया जाय लाभः डीएम

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता मे जिला टास्क फर्स एवं बाल श्रम



उन्मूलन जनपद समिति की बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को निर्देश दिये कि जनपद के ईट भट्ठा, होटल, रेस्टोरेन्ट, फैक्ट्री आदि स्थलों पर छापेमारी कर बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त करायें। उन्होंने कहा कि बच्चों को चिन्हित कर उनको सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ दिया जाये। उन बच्चों को बाल सेवा योजना से जोड़ा जायेए बालिकाओं का कस्तूरबा विद्यालय मे प्रवेश दिलाया जाये। बच्चों के परिवार को चिन्हित कर राशन कार्ड, उज्जवला योजना का लाभ दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि 14 से 18 वर्ष के बच्चे है उन्हें खतरनाक कार्यो के प्रति दूर रखने हेतु अभियान चलाकर उनके अभिभाविकों को जागरूक करें बच्चों को शिक्षित बनाये और बाल श्रम न करायें। बैठक में समिति के सदस्यों ने बाल श्रम रोकने हेतु अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में सहायक श्रमायुक्त सत्यवीर सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडी, अशोक कुमार मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम, समिति के सदस्य शत्रुघ्न द्विवेदी, आदि उपस्थित रहे।

## जन सुरक्षा से खिलवाड़ः बड़े हादसे को दावत देता रेलवे का निर्माणाधीन अंडरपास



रेलवे के निर्माणाधीन अंडर पास के लिए खोदा गया गड्ढा फोटोः राष्ट्रीय प्रस्तावना

■ अधूरा निर्माण, न चेतावनी बोर्ड न सुरक्षा घेरा-राहगीरों की जान जोखिम में

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** लखनऊ हरदोई हाईवे से सुठेना जाने वाले मार्ग पर बालामऊ जंक्शन के नजदीक गेट संख्या 257 सी पर रेलवे द्वारा बनाए जा रहे निर्माणाधीन अंडरपास का गहरा गड्ढा इन दिनों बड़े हादसे को न्योता देता नजर आ रहा है! सुरक्षा मानकों के अनदेखी और पर्याप्त वैरिकेडिंग के अभाव में यह स्थान आमजन के लिए खतरे का सबक बन गया है! कुछ महीने पूर्व इसी गहरे गड्ढे में एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई थी!

स्थानीय लोगों के अनुसार अंडरपास निर्माण का कार्य पिछले वर्ष शुरू हुआ था लेकिन गड्ढे की खुदाई के बाद से कम पिछले कुछ महीनो से ठप्प पड़ा है! खुदाई के बाद बने गहरे गड्ढे के चारों ओर न तो कोई घेराबंदी है और ना ही चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं! विशालकाय गड्ढा उस मुख्य मार्ग के बीचो-बीच खुद पड़ा है जो दर्जनों गांवों को हाईवे से जोड़ता है!जिस पर प्रतिदिन स्कूली वाहन एंबुलेंस सहित सैकड़ो हल्के भारी वाहनों का आवागमन रहता है! रात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है जब अंधेरे में राहगीरों और वाहन चालकों को गड्ढा दिखाई नहीं देता है! मुख्य मार्ग के स्थान पर जो वैकल्पिक मार्ग बनाया जाना था उसके नाम पर मात्र मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी गई थी! जो तुरंत से ही बड़े.बड़े गड्ढे में तब्दील हो चुका है जिस पर हमेशा वाहन पलटने का डर बना रहता है! बारिश होने पर गड्ढों में पानी भर जाता है और फिसलन बन जाती है!

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल जाने वाले बच्चें, बुजुर्ग, मवेशी और छोटे बड़े वाहन चालक सबसे ज्यादा खतरे में है! हल्की सी चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है! लोगों ने आशंका जताई यदि समय रहते प्रशासन और रेलवे विभाग ने ध्यान नहीं दिया तो किसी गंभीर दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है! शायद प्रशासन और रेलवे विभाग को इसी समय का इंतजार है! अब देखना यह है कि प्रशासन इस मुद्दे पर कोई ठोस कार्रवाई करेगा या किसी की जान जाने के बाद ही सिस्टम जागेगा!

## विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया







राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद ( हरदोई )।** कैरियर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा एक विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने एक से एक बेहतरीन उपकरण तैयार किये। विज्ञान प्रदर्शनी के चीफ गेस्ट डॉक्टर शारिक परवेज खाँ, डाक्टर मनीष शर्मा, प्रोफेसर इमरान खान, चौधरी उमेश गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खान ने प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार किए गए माडलों का अवलोकन किया और उनसे जानकारी प्राप्त की।

इस मौके पर होम सिक्योरिटी अलार्म, प्रदूषण के प्रकार, वाटर साइकिल, चंद्रयान-3 उत्सर्जन तंत्र, ऊर्जा स्रोत, वाटर इंडिकेटर, हाइड्रोलिक जेसीबी आदि विभिन्न प्रकार के माडल बच्चों द्वारा बनाए गए। प्रदर्शनी अवलोकन के बाद परिणाम घोषित किए गए। जिसमें होम सिक्योरिटी अलार्म बनाने वाले सिद्ध प्रताप सिंह और कर्मवीर सिंह को प्रथम, प्रदूषण के प्रकार बनाने वाली भूमिका, अंश शुक्ला, संगम को द्वितीय, वाटर साइकिल बनाने वाले हसन, साहिल और काशान को तृतीय विजेता घोषित किया गया। इस मौके पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को शील्ड देकर एवं गोल्ड मेडल पहनकर सम्मानित किया गया। तथा प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खान की ओर से सभी को गोल्ड मेडल देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर अतिथि चौधरी उमेश गुप्ता ने कहा प्रदर्शनी प्रतियोगिता में जिन बच्चों ने भाग लिया है वह सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं क्योंकि उन्होंने मेहनत और लगन के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जीतने वालों को शुभकामनाएं और जीत तक न पहुंचने वाले बच्चों को भी बहुत.बहुत शुभकामनाएं। क्योंकि उन्होंने मेहनत के साथ कार्य किया। इस अवसर पर प्रबंधक डॉक्टर सलीम सिद्दीकी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य परवीन खान, उप प्रधानाचार्य शिवानी त्रिवेदी, प्रियंका गुप्ता, रितेश, अदीब, उमा आदि मौजूद रहे।

## ट्रक में लगी भयंकर आग, तरावीह से लौट रहे नमाज़ियों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बिलग्राम चुंगी से लखनऊ चुंगी जाने वाली रोड पर मकका की आरा मशीन के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब



रिफाइंड अनलोड कर फर्रुखाबाद लौट रहे एक ट्रक में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि रास्ते में कहीं पटाखे की चिंगारी ट्रक पर गिर गई, जिससे ट्रक में रखे पैरे और बुरादे ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं। इसी दौरान पास की मस्जिद से तरावीह की नमाज़ अदा कर लौट रहे स्थानीय लोगों की नजर ट्रक से उठते धुएं और आग की लपटों पर पड़ी। अनीस ठेकेदार, देवी शरण पाल (टीटी) अनीस अहमद, अब्दुल वारिस, राजू मंसूरी, सलमान, सोनू मलिक, नदीम कुरैशी, जमशेद जेडी, शुएब, शादाब, इज़हार मंसूरी, आलम, उमर मंसूरी, अब्दुल्लाह, फ़िरोज़ अहमद आदि लोगों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक को रुकवाया और आसपास मौजूद संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गयाए जिससे बड़ा हादसा टल गया। अगर समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो ट्रक पूरी तरह जल सकता था और आसपास के क्षेत्र में भी नुकसान होने की आशंका थी। घटना की सूचना पर राधा नगर चौकी प्रभारी रोहित पाण्डे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, स्थानीय लोगों की बहादुरी और जागरूकता की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## अनियंत्रित कार तालाब में गिरी, एक बाराती की मौत

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में बुधवार गुरुवार की मध्यरात्रि एक वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे बारातियों की कार अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी जिससे कार सवार एक बाराती की मौत हो गयी। चालक सहित अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर घायलों को इलाज के लिए भिजवाया। लोनार थाना के ग्राम बरवन निवासी आनंद पुत्र उदय प्रताप मझिला थाना के ग्राम ररी में एक वैवाहिक कार्यक्रम में गए थे। बुधवार की रात करीब ग्यारह बजे वहां से लौटते समय मझिला थाना के ग्राम सलेमपुर में उनकी कार अनियंत्रित होकर एक तालाब में गिर गयी। मझिला थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार ने बताया कार सवार आनंद की मौत हो गयी जिनके शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। कार चालक और बाराती मामूली रूप से घायल हुए थे जिन्हे इलाज के लिए सीएचसी टोडरपुर भेजा गया।

## आतिशबाज के घर में भीषण विस्फोट दो महिलाये गंभीर रूप से जली

**साण्डी ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नगर के मोहल्ला खिड़किया मे एक आतिशबाज के घर में अचानक हुए तेज विस्फोट से पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। धमाका इतना जोरदार था कि दो मंजिला मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया हादसे में दो महिलाएं साजिया (38) पत्नी दिलशाद, रूबीना (28) पत्नी इरशाद गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। वहीं आलाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की पड़ताल में जुट गए हैं प्राथमिक जानकारी के अनुसार विस्फोट पटाखे बनाए जाने के दौरान होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है बताया जा रहा है कि वर्ष 2012 में भी इसी मकान में विस्फोट जैसी घटना हो चुकी है, जिसमें चार लोगों की मौत हुई थी और एक लड़का घायल हुआ था। फिलहाल पूरे इलाके को सुरक्षा की दृष्टि से घेर लिया गया है और जांच जारी है।

## दूषित जल, अनुप्रयोगी शौचालय और ब्लॉक में जमे सचिवः डीसी मनरेगा के निरीक्षण में खुली कछौना विकास खंड की पोल



दस्तावेजों की जाँच करते डीसी मनरेगा रवि प्रकाश सिंह फोटोः राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** उपयुक्त श्रम व रोजगार रवि प्रकाश सिंह ने बृहस्पतिवार को विकासखंड कछौना का निरीक्षण कर प्रांगण में साफ-सफाई व शुद्ध पेयजल रखने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बृहस्पतिवार को डीसी मनरेगा रवि प्रकाश सिंह ने विकास खण्ड कछौना का औचक निरीक्षण कियाए सभी कर्मियों के उपस्थिति रजिस्टर को देखा तथा कर्मियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति लगाने का निर्देश दिया। सभी पटलों का बारीकी से निरीक्षण कर संबंधित कर्मियों से जानकारी जुटाई । पुरानी आलमारी हटाकर नई अलमारी रखने का निर्देश दिया। मनरेगा कक्ष व एडीओ पंचायत कक्ष की हालत खराब पाई। फाइलों को अलमारी में व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया। एडीओ पंचायत कार्यालय के पास लगा वाटर कूलर में पानी खराब व पीला आने की शिकायत ग्रामीणों ने कीए जिस पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी को तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय आजीविका मिशन कार्यालय में शौचालय अनुप्रयोगी और खराब स्थिति में पाया गयाए जिस पर कड़ी नाराजगी जताई। ब्लॉक सभागार की स्थिति देखकर खंड विकास अधिकारी की तारीफ भी की। प्रांगण में संचालित महिला समूह द्वारा कैंटीन का निरीक्षण किया। जिसे प्रधानमंत्री मॉडल आवास में स्थापित करने का निर्देश दिया। प्रांगण में सोलह आवास बने हैं, जिसमें एक की स्थिति ठीक है, अन्य की हालत काफी खराब है। जर्जर व खण्डहर भवनों का लोक निर्माण विभाग की टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण न होने के कारण अनुप्रयोगी पड़े हैं। जिनमें अधिकांश ग्राम सचिवों ने अपने कार्यालय बना रखे हैं। वह ग्राम सभाओं में स्थित ग्राम सचिवालयों में नियमित रूप से नहीं बैठते हैं। जिसके कारण छोटे.छोटे कार्यों के लिए ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय दौड़ना पड़ता हैं। सामुदायिक शौचालय की प्रगति रिपोर्ट जानी। वहां पर लगा इंडिया मार्का नल की चट्टान न बनी होने के कारण लोगों को दिक्कत होती है व नल भी खराब पड़ा है। एक महिला शौचालय की उपयोगिता न होने के कारण इसे दिव्यांग शौचालय बनाने के लिए निर्देश दिया। विकासखंड कार्यालय में लगे पेड़ पौधे बिना ट्री.गार्ड के सूख गए हैं। ईंटा उखड़ी पड़ी है। प्रांगण में काफी गंदगी थीए जगह.जगह कूड़े के ढेर लगे थे। पशु चिकित्सा कार्यालय का भी निरीक्षण कियाए जहां पर शौचालय को ठीक कराने का निर्देश दिया। अधिकारियों की शिथिल कार्यशैली व काम चलाऊ की प्रवृत्ति के चलते आम जनमानस को योजनाओं का सही ढंग से लाभ नहीं मिल पाता है। जिससे सरकार की छवि धूमिल होती है। जब ब्लॉक मुख्यालय की यह तस्वीर है, तब ग्राम सभा की तस्वीर कैसी होगी? अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। इस निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी महेश प्रसाद व एडीओ पंचायत संतोष कुमार सहित समस्त ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

## ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत समिति की अंतिम बैठक सम्पन्न, जनसमस्याओं के समाधान पर जोर



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** अहिरोरी ब्लॉक परिसर में क्षेत्र पंचायत समिति की अंतिम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख पन्ने सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। बैठक के दौरान ग्राम पंचायतों में सड़क, जल निकासी, पेयजल, आवास तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

ब्लॉक प्रमुख ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ समय से मिले। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें पुत्तन सिंह, रनधीर सिंह, शैम्पू सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य लक्ष्मी राठौर तथा हरिवंश वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में ब्लॉक प्रमुख ने सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित सर्वोपरि है और प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## मोदी की इजरायल यात्रा पर सवाल

पूरी दुनिया की निगाहें इस समय ईरान के हालात पर टिकी हैं, जहां अमेरिका ने अपने युद्धपोत तैनात किए हुए हैं और कई दिनों से लगातार धमकियां दे रहा है कि वो जंग की शुरुआत कर देगा। खुद भारत ने सोमवार 23 फरवरी को ईरान में अपने नागरिकों से कहा है कि वे फौरन ईरान छोड़ दें। यानी ईरान पर किसी भी समय अमेरिकी हमला हो सकता है। लेकिन 23 फरवरी को ही इजरायली कैबिनेट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की कि भारत क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग के लिए एक हेक्सागोनल गठबंधन में शामिल होगा। इसके बाद तय हो गया कि प्रधानमंत्री मोदी 25 फरवरी को दो दिन के इजरायल दौरे पर जा रहे हैं यानी जब पूरा मध्यपूर्व बड़े संकट से गुजर रहा है, उस समय इजरायल एक अलग वैश्विक गठजोड़ तैयार कर रहा है और भारत उसका हिस्सा बनने जा रहा है। इजरायल के राजदूत रेयुवेन अजार ने एक वीडियो पोस्ट में कहा कि दोनों देश रक्षा और सुरक्षा समझौतों को श्अपडेटश् करेंगे। गौरतलब है कि हेक्सागोनल एलायंस (हेक्सागोन ऑफ एलायंसेज) इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा 22 फरवरी को कैबिनेट बैठक में घोषित एक प्रस्तावित रणनीतिक भू-राजनीतिक ढांचा है। इसका उद्देश्य मध्य पूर्व और उसके आसपास के क्षेत्र में आर्थिक, कूटनीतिक और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना है, खासकर श्रेडिकल शिया एक्सिसश् (ईरान और उसके सहयोगी) और उभरते रेडिकल सुन्नी एक्सिस के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना। नेतन्याहू ने इसे श्हेक्सागोनश् (छह भुजाओं वाला) कहा, जो एक नेटवर्क्ड गठबंधन का प्रतीक है। इस नेटवर्क को खड़ा करने में बड़ी चालाकी से शब्दों का खिलवाड़ किया गया है वर्ना रेडिकल यानी कट्टरपंथी शिया और सुन्नियों के खिलाफ छह भुजाओं वाला गठबंधन खड़ा करना, धर्म के आधार पर विरोध को बढ़ावा देना ही है। इजरायल संप्रभु देश है और उसकी जो मर्जी वह करे। लेकिन इस हेक्सागोन नेटवर्क में इजरायल केंद्रीय भूमिका निभाएगा, जबकि भारत को प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में विशेष महत्व दिया गया है। अन्य सदस्यों में ग्रीस और साइप्रस (भूमध्यसागरीय भागीदार) शामिल हैं साथ ही कई और अरब, अफ्रीकी और एशियाई देशों को शामिल करने की भी योजना है, हालांकि उनके नाम अभी साफ नहीं किए गए हैं। यह अब्राहम समझौते पर आधारित है लेकिन गैर-अरब शक्तियों जैसे भारत को शामिल करके विस्तारित किया जा रहा है। बता दें कि 2020 में इजरायल ने अमेरिका की मध्यस्थता में संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सूडान और मोरक्को जैसे अरब देशों के साथ संबंधों को सामान्य करने के लिए अब्राहम समझौता नाम से राजनयिक समझौता किया था। जिसके तहत इस समझौते का उद्देश्य मध्यपूर्व में शांति, स्थिरता और व्यापार को बढ़ावा देना है। अब इसी का विस्तार करते हुए इसमें भारत को भी शामिल किया जा रहा है। यानी अमेरिका के बाद अब इजरायल भी तय करने लगा है और बताने लगा है कि भारत क्या करने जा रहा है। इजरायल और अमेरिका पूरी दुनिया में किस तरह अपनी खुफिया एजेंसियों और हथियारों के बल पर कमजोर देशों की आंतरिक और बाहरी नीतियों को निर्धारित करते हैं, यह तो विश्व राजनीति की खुली किताब में दर्ज है। लेकिन भारत किस तरह अपने आप को इतना कमजोर कर रहा है, यह चिंता की बात है। प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा का मकसद और वक्त दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। जिस इजरायल ने गजा में आम लोगों का कत्लेआम किया और उसके बाद ईरान के साथ जंग पर उतर आया, अभी अमेरिका भी ईरान पर हमले के लिए तैयार बैठा है, ऐसे वक्त में प्रधानमंत्री मोदी इजरायल जा रहे हैं। कई मुस्लिम देशों ने क्षेत्र में सैन्य तनाव से बचने की अपील की है। ऐसे समय में भारत के प्रधानमंत्री का तेल अवीव जाना स्वाभाविक रूप से प्रतीकात्मक अर्थ पैदा करता है-चाहे नई दिल्ली की आधिकारिक मंशा कुछ भी क्यों न हो। गौरतलब है कि भारत लंबे समय से श्रणनीतिक संतुलनश की नीति पर चलता रहा है- उसने इजरायल के साथ मजबूत रक्षा सहयोग के संबंध बनाए, तो दूसरी ओर खाड़ी देशों और ईरान के साथ गहरे आर्थिक और ऊर्जा संबंध भी बनाए रखे। लेकिन मोदी सरकार ने इस संतुलन को बिगाड़ दिया है। यदि भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी ताकत उसकी कूटनीति रही है, तो उसे प्रतीकों की राजनीति से भी उतनी ही सावधानी बरतनी चाहिए।

**खुद भारत ने सोमवार 23 फरवरी को ईरान में अपने नागरिकों से कहा है कि वे फौरन ईरान छोड़ दें। यानी ईरान पर किसी भी समय अमेरिकी हमला हो सकता है। लेकिन 23 फरवरी को ही इजरायली कैबिनेट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की कि भारत क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग के लिए एक हेक्सागोनल गठबंधन में शामिल होगा। इसके बाद तय हो गया कि प्रधानमंत्री मोदी 25 फरवरी को दो दिन के इजरायल दौरे पर जा रहे हैं यानी जब पूरा मध्यपूर्व बड़े संकट से गुजर रहा है, उस समय इजरायल एक अलग वैश्विक गठजोड़ तैयार कर रहा है और भारत उसका हिस्सा बनने जा रहा है।**

# होली: जाति, पंथ, उम्र से परे जीवंत महाउल्लास

हृदयनारायण दीक्षित

रंग पर्व होली को नमस्कार। कृत्रिम मेधा, असली मेधा व ऑनलाइन बुद्धिमत्ता को नमस्कार। सत्व, रज और तम की त्रिगुणी को नमस्कार। ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों को नमस्कार। धर्म, अर्थ और काम की पुरुषार्थ त्रयी को नमस्कार। गीता, ब्रह्मसूत्र व उपनिषद की प्रस्थान त्रयी को नमस्कार। शब्द, अपशब्द व संसदीय मर्यादाहीनता को नमस्कार। प्रकृति चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इसी स्रोत का नाम है-उत्स। आनंद का यह स्रोत मधुमय है। उत्सव इसी आनंद रस का अतिरेक आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति सदाबहार नायिका है। नदियां हंसती-नृत्य करती बहती हैं, मनुष्य आनंदित होता है। सो नदियों के तट पर उत्सव नृत्य और संकीर्तन। प्रकृति जहां-जहां जब-जब आनंदित करती है तब-तब वहां-वहां उत्सव। लेकिन काल सबका नियंता है। अथर्ववेद के ऋषि भृगु ने गाया है कि काल में ही सुख-दुख और आनंद है। काल में ही ऋक यजुष और सामगान हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और काल-मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। बसंत ऐसी ही मनभावन उपस्थिति है। बसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है। प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिन्दास है यह। लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं लेकिन बसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाये, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढ़क गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं पर बसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है। बसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है। आखिरकार क्या हो जाता है? वायु देव को बसंत में। वे जिसे छूकर आगे बढ़ते हैं, वही मदमस्त हो जाता है। वे कलियों की चोली उड़ा ले जाते हैं, तरूणों को सहलाते हैं, तरूणियों को तब तक गुदगुदाते हैं, जब तक वे खिलखिलाकर पूरी खिल नहीं जाती। तरूण तो तरूण हैं। मनतरंग में झूमना उनकी स्वाभाविकता है। लेकिन बूढ़े-बुजुर्ग भी बासंती पवन में मदमस्त हो जाते हैं। नदी, तालाब और खेत-ऊसर भी बसंत की मौज में होते हैं। हमारे गांव से बहने वाली सई नदी भी आनंद मगन हो जाती है। उसके तट पर खड़े बनबबूल के पेड़ों पर गीत उगते हैं। पक्षी प्रेमगीत गाते हैं, गायें उछलती हैं। न शीत की जकड़न और न गर्मी की उमस और बेचैनी। बसंत का प्रभाव सब पर एक जैसा। बूढ़े मनुष्य ही नहीं बूढ़े वृक्ष भी फूलों से लद जाते हैं। फागुन सबको लहालोट करता है। मनतरंग के देव 'काम' भीतर से कुलाचें मारते हैं। बसंत इसीलिए ऋतुराज है। पृथ्वी सगंधा है। फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती-आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया की पौध हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलबहियां डालकर मिलते हैं। पक्षी मस्त-मस्त गीत गाते हैं। वे ऋत बंधन में रहते हैं। लेकिन बसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। यह बसंत दो दिन के लिए नहीं आता। पूरे तीन-चार माह तक विहंसता है, समूची प्रकृति को रस आपूरित करता है। प्रकृति का हरेक अंश उत्सव मनाता है। हरेक वृक्ष, हरेक फूल, कीट, पतिंग, पशु, पक्षी और मनुष्य मधु उत्सव में होता है। होली इन्हीं मधु उत्सवों का महोत्सव है। होली आनंद का अतिरेक है और अतिरेक कभी शास्त्रीय नहीं होता। होली का लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। लोक में अतिरिक्त ऊर्जा है, उफनाती ऊर्जा आनंद का अतिरेक है यहां। ऊर्जा का अतिरेक ही उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। समाज का आनंदमगन समवेत ही उत्सव हैं। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति की चरम अभिव्यक्ति है। होली भारत के मन का उल्लास है। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। होली का उल्लास प्रायोजित नहीं होता। भारतीय उत्सव प्रकृति का प्रसाद है। होली महाप्रसाद है। होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है। प्रकृति का यह मधु प्रसाद अखण्ड है। सूर्य उगते हैं, अस्त होते हैं। मास आते हैं, विदा होते हैं। सम्वत्सर, युग और मन्वन्तर आते हैं पर मधु उत्सवों का मधु प्रसाद कोष रीता नहीं होता। बसंत ऐसा ही मधुकोष लेकर हर साल आता है। होली के अवसर पर बांटता है। होली का यह मधु पूरे साल चलता है। होली भारत का मन मधुमय करती है। इसीलिए यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। तमाम असम्भवों का संगम है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा भारतीय संस्कृति का मनआनंद है। होली गीत गाता नृत्य मगन उन्मुक्त अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन का गीत-संगीत है। होली जाति, पंथ, उम्र से परे जीवन्त महामुक्ति और महाउल्लास है। कुछ विद्वानों ने होली को मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई0) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक बसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। प्राचीनता और आधुनिकता अलग-अलग नहीं होती। वे पृथक दो इकाइयाँ नहीं हैं। प्रकृति सृष्टि का प्रवाह अविच्छिन्न है। जिसे हम प्राचीनता कहते हैं, वह और भी प्राचीन परम्परा का विकास है। इसी तरह आधुनिकता भी है। 100 बरस पहले जिसे आधुनिकता कहते थे, वह भी प्राचीन होती जा रही है। परम्परा एक सतत प्रवाह है। परम्परा और उत्सव व्यक्तिगत नहीं होते। उन्हें काल विभाजन के अनुसार नहीं बांटा जा सकता। सामूहिकता हरेक कालखण्ड में आनंददायी रही है। सामूहिक आनंद और उत्सव पर्यायवाची हैं। प्राचीन भारत का समाज सामूहिकता में आनंदित है इसलिए हर दिन मधुउत्सव है, प्रतिपल मंगल गीत हैं, प्रतिपल मधुवर्षा है। सामूहिकता शोक और दुख को फटकने भी नहीं देती लेकिन विदेशी सत्ता के प्रभाव में हम भारत के लोग सामूहिकता खोते गये। व्यक्तिगत के भीतर और भी व्यक्तिगत होते गये। सो होली जैसे अंतरराष्ट्रीय उत्सव भी व्यक्तिगत हो रहे हैं। अब बाजार तय करता है हमारे उत्सव की रूपरेखा। सो भारतीय समाज में विषाद है। उत्सव धर्म विषाद को प्रसाद में बदलते हैं। आइए, उत्सवधर्मी हों हम सब। आओ रंग चढ़ा लें देशी कि रंग परदेशी उतर जाए।

**होली आनंद का अतिरेक है और अतिरेक कभी शास्त्रीय नहीं होता। होली का लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। लोक में अतिरिक्त ऊर्जा है, उफनाती ऊर्जा आनंद का अतिरेक है यहां। ऊर्जा का अतिरेक ही उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। समाज का आनंदमगन समवेत ही उत्सव हैं। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति की चरम अभिव्यक्ति है। होली भारत के मन का उल्लास है। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। होली का उल्लास प्रायोजित नहीं होता। भारतीय उत्सव प्रकृति का प्रसाद है। होली महाप्रसाद है। होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है।**

# ताज महोत्सवः संस्कृति का विराट उत्सव

योगेश कुमार गोयल

यमुना के पावन तट पर स्थित धवल संगमरमर की वह अलौकिक कृति, जिसे दुनिया ताजमहल के नाम से जानती है, केवल ईंट-पत्थरों और नक्काशी का मेल नहीं है बल्कि भारतीय संवेदनाओं, स्थापत्य-कौशल और सौंदर्य-चेतना का एक शाश्वत महाकाव्य है। जब इस विश्वप्रसिद्ध स्मारक की शीतल और भव्य छाया में रंगों की चटक आभा, रागों की मधुर लहरियां और रसों की सजीव अनुभूति एक साथ साकार होती है, तब वह दृश्य 'ताज महोत्सव' के रूप में भारतीय संस्कृति का एक अनुपम उत्सव बन जाता है। उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक नगर आगरा में 18 से 27 फरवरी तक आयोजित हो रहा यह दस दिवसीय सांस्कृतिक पर्व केवल एक साधारण मेले का विस्तार नहीं है बल्कि यह भारत की बहुरंगी परंपराओं, लोक-स्मृतियों, लुप्तप्राय शिल्प-कौशल और उस विराट पाक-वैभव का उत्सव है, जहां राष्ट्र की विविधता वैश्विक मंच पर एक साथ स्पंदित होती हैं। इस वर्ष अपने 34वें गौरवशाली संस्करण में प्रवेश कर रहे इस महोत्सव की थीम 'वंदे मातरमः परंपरा एवं राष्ट्र गौरव' हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय चेतना का एक सशक्त उद्घोष है, जो आगंतुकों के भीतर स्वदेश प्रेम और अपनी जड़ों के प्रति सम्मान की भावना को प्रगाढ़ करता है। सन् 1992 के वसंत में जब इस महोत्सव का बीजारोपण हुआ था, तब शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि यह आयोजन आने वाले समय में भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रतीक्षित सांस्कृतिक आयोजनों में शुमार हो जाएगा। इसका मूल दर्शन भारतीय हस्तशिल्प, लुप्त होती लोक कलाओं और सदियों पुराने पारंपरिक कौशलों को एक ऐसा मंच प्रदान करना रहा है, जहां वे अपनी आधुनिक प्रासंगिकता सिद्ध कर सकें। ताजमहल की जादुई पृष्ठभूमि में सजे सैंकड़ों स्टॉल, चटख और पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित लोक कलाकार, शास्त्रीय संगीत की गंभीर तान और लोकनृत्यों की लयात्मक थिरकन मिलकर एक ऐसा जादुई वातावरण रचते हैं, मानो पूरा लघु भारत एक ही परिसर में सिमट आया हो। ताज महोत्सव की सबसे बड़ी पूंजी इसकी वह विविधता ही है, जो उत्तर के हिमालयी अंचल से लेकर दक्षिण के कन्याकुमारी तक और सुदूर पूर्वोत्तर की पहाड़ियों से लेकर पश्चिम के रेगिस्तानों तक की कला को एक सूत्र में पिरोती है। यहां कश्मीर की पश्मीना शॉल की मखमली कोमलता और वाराणसी की रेशमी साड़ियों की राजसी चमक एक साथ देखी जा सकती है। लखनऊ की बारीक चिकनकारी की नजाकत हो या सहारनपुर की लकड़ी पर की गई सूक्ष्म नक्काशी, मुरादाबाद के पीतल शिल्प की सुनहरी दमक हो या खुर्जा की सिरेमिक कला की चटक रंगीन छटा, ये सभी तत्व मिलकर भारत की हस्तकला परंपरा का एक ऐसा जीवंत संग्रहालय रच देते हैं, जिसे देख दुनिया दांतों तले उंगली दबा लेती है। भदोही के हस्तनिर्मित कालीनों की जटिल बुनावट, दक्षिण भारत की पाषाण और काष्ठ मूर्तियां, पूर्वोत्तर के बांस-बेंत की कलाकृतियां और गुजरात के पटोला व बांधनी कार्य की विविधता दर्शकों को एक अनूठी सांस्कृतिक यात्रा पर ले जाती है। यह महोत्सव केवल वस्तुओं के क्रय-विक्रय का बाजार नहीं है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' की धड़कन और स्थानीय प्रतिभा के स्वाभिमान का एक जीवंत दस्तावेज है। इस वर्ष सरकार की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' पहल के अंतर्गत प्रदेश के 50 जनपदों की विशिष्ट पहचान को जिस प्रकार एक ही मंच पर प्रतिष्ठित किया गया है, वह अद्‌भुत है। लगभग 500 सुसज्जित स्टॉल भारतीय उद्यमिता की उस रचनात्मक ऊर्जा का परिचय दे रहे हैं, जो परंपरा और आधुनिकता के सूक्ष्म समन्वय से नए भारत के भविष्य का निर्माण कर रही है। यहां प्रदर्शित खादी की सादगी, जूट की पर्यावरण-मित्र आत्मा और हथकरघा की सूक्ष्म बुनावट केवल व्यापारिक उत्पाद नहीं बल्कि स्वदेशी स्वाभिमान, सतत विकास और सांस्कृतिक निरंतरता के उन सशक्त प्रतीकों के रूप में उभरते हैं, जो वैश्विक बाजार में भारत की श्रेष्ठता सिद्ध करते हैं। कला और शिल्प के इस महाकुंभ में संगीत और नृत्य की धाराएं आत्मा के स्पंदन की भांति प्रवाहित होती हैं। ताजमहल की मुगलई वास्तुकला की छाया में गूंजते शास्त्रीय, अर्ध-शास्त्रीय और लोक राग एक ऐसे सांगीतिक वातावरण का सृजन करते हैं, जो श्रोताओं को अलौकिक आनंद की अनुभूति कराता है। ब्रज के उल्लासपूर्ण लोकनृत्य, जिनमें होली की मस्ती और राधा-कृष्ण के प्रेम की महक होती है, कथक की भावप्रवण मुद्राएं, जिनमें इतिहास बोलता है और सूफी गायकी की वह रूहानी लहरियां, जो सीधे खुदा से संवाद करती प्रतीत होती हैं, दर्शकों को एक आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान करती हैं। इस वर्ष के विशाल डिजिटल मुक्ताकाशीय मंच पर आधुनिकता का भी समावेश है, जहां नीरज श्रीधर की ऊर्जस्वित बॉलीवुड नाइट्स, कृष्णा-अभिषेक की हास्य-विनोद से भरपूर प्रस्तुतियां और सचिन-जिगर की सुरीली धुनों वाली समापन संध्या युवा ऊर्जा को एक नई चमक प्रदान करेगी। इसके साथ ही 'इंडियन ओशन' जैसे बैंड की फ्यूजन संगीत, अली ब्रदर्स की शुद्ध सूफियाना सुर-लहरियां और माधवाज बैंड की भक्तिमय संध्या इस महोत्सव को संगीत-प्रेमियों के लिए एक कभी न भूलने वाला अनुभव बना देने वाली हैं। भारतीय उत्सव की आत्मा उसके स्वाद में बसती है और ताज महोत्सव इस मामले में किसी स्वर्ग से कम नहीं है। यहां देशभर के उन पारंपरिक व्यंजनों का संसार सजता है, जो जीभ के स्वाद के साथ-साथ हमारी भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता का भी परिचय देते हैं। उत्तर प्रदेश के चटपटे आंचलिक व्यंजनों से लेकर दक्षिण भारत के कुरकुरे डोसे, राजस्थानी दाल-बाटी-चूरमा की सोंधी खुशबू, पंजाब की मलाईदार लस्सी, बंगाल की रसभरी मिठाइयां और कश्मीर के शाही वाजवान तक, हर स्वाद अपनी विशिष्ट पहचान के साथ यहां उपस्थित होता है। यह भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं बल्कि भारत की उस सांस्कृतिक समृद्धि का सजीव प्रमाण है, जो सदियों के मेलजोल से विकसित हुई है। इसके साथ ही, यह आयोजन स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आगरा के होटल, रेस्तरां, परिवहन सेवाएं, हस्तशिल्प बाजार और टूर गाइडों के चेहरों पर इस दौरान जो रौनक दिखाई देती है, वह पर्यटन उद्योग की गतिशीलता का प्रतीक है। हजारों की संख्या में आने वाले विदेशी पर्यटक जब भारतीय परिधानों को पहनकर, यहां की हस्तशिल्प और पारंपरिक कलाओं के बीच समय बिताते हैं तो वे अपने साथ भारत की एक सुखद और गौरवशाली छवि लेकर स्वदेश लौटते हैं। आगरा स्वयं भी इतिहास और स्थापत्य का एक अनूठा संगम है। महाभारत काल में 'अग्रवन' के रूप में वर्णित यह नगर, जिसे कभी सिकंदर लोदी ने बसाया और बाद में मुगल सम्राटों अकबर, जहांगीर तथा शाहजहां ने अपनी राजधानी बनाकर विश्वपटल पर चमक दी, आज भी अपनी ऐतिहासिकता को संजोए हुए है। इसी गौरवशाली अतीत की पृष्ठभूमि के कारण ताज महोत्सव का महत्व और भी गहन हो जाता है। प्रेम, कला और इतिहास के इस त्रिवेणी संगम में जब आधुनिक मंच-सज्जा, डिजिटल तकनीक और लेजर शो का समावेश होता है, तब परंपरा और आधुनिकता का वह अद्‌भुत सामंजस्य दृष्टिगोचर होता है, जिसे दुनिया आज का भारत कहती है। महोत्सव में आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन, मुशायरे और गजल संध्याएं साहित्यिक रसिकों के लिए एक ऐसा आकर्षण केंद्र होती हैं, जहां शब्दों की सरगम और भावों की सूक्ष्म अभिव्यक्ति दर्शकों को हमारी महान साहित्यिक विरासत से जोड़ती है। चित्रकला, फोटोग्राफी और नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित कर यह महोत्सव न केवल स्थापित दिग्गजों को मंच देता है बल्कि नवोदित प्रतिभाओं के सपनों को भी नई उड़ान देता है। ताज महोत्सव की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि यह है कि यह अमूर्त भारतीयता की भावना को एक मूर्त उत्सव में रूपांतरित कर देता है। यहां रखा हस्तशिल्प का हर एक नमूना अपनी मिट्टी की कहानी कहता है, कलाकारों की हर प्रस्तुति एक प्राचीन धरोहर को पुनर्जीवित करती है और हर व्यंजन एक क्षेत्रीय पहचान को सहेजता है। यह आयोजन इस महान सत्य का जयघोष है कि भारत केवल विविधताओं का देश नहीं है बल्कि उन तमाम भिन्नताओं को एक ही सूत्र में पिरोने की एक अद्‌भुत और अदम्य क्षमता रखने वाला राष्ट्र है।

# शिक्षा को हिंसक नहीं, संवेदनशील बनाना होगा

ललित गर्ग

देश में इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं और सामान्य परीक्षाएं भी शुरू होने वाली हैं। हर साल की तरह इस बार भी परीक्षा का मौसम केवल प्रश्नपत्रों और परिणामों का नहीं, बल्कि मानसिक दबाव, चिंता और असुरक्षा का मौसम बनता जा रहा है। छात्रों के चेहरों पर भविष्य की चिंता साफ पढ़ी जा सकती है। यह चिंता केवल अच्छे अंक लाने की नहीं, बल्कि अपेक्षाओं के बोझ को ढोने की है। दुर्भाग्य यह है कि यह दबाव कई बार इतना असहनीय हो जाता है कि वह आत्मघाती या हिंसक रूप ले लेता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े एक भयावह सच उजागर करते हैं। वर्ष 2013 से 2023 के बीच छात्रों की आत्महत्या की दर में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के टूटने की कहानी है। इन आत्महत्याओं के पीछे पढ़ाई का दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएं, सामाजिक तुलना और आर्थिक तनाव प्रमुख कारण बताए जाते हैं। लेकिन हाल में लखनऊ में जो घटना सामने आई, उसने इस संकट को एक और खतरनाक दिशा में मोड़ दिया है। लखनऊ की घटना केवल परीक्षा दबाव की कहानी नहीं है, बल्कि परिवारों में बढ़ती संवेदनहीनता, संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा का दर्पण है। पुलिस जांच के अनुसार एक पैथोलॉजी लैब संचालक पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे और उस पर नीट जैसी परीक्षा पास करने का लगातार दबाव बना रहे थे। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच बहस हुई और 21 वर्षीय युवक ने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपराध छिपाने के लिए शव के टुकड़े किए, कुछ बाहर फेंके, कुछ घर में छिपाए, छोटी बहन को धमकाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले लापता होने और फिर आत्महत्या की कहानी गढ़ी। यह सब बताता है कि यह क्षणिक आवेश नहीं था, बल्कि भीतर लंबे समय से पल रही कुंठा, आक्रोश और मानसिक विघटन का परिणाम था। प्रश्न यह है कि एक बेटे के भीतर इतनी नफरत कैसे पनप सकती है? क्या 'कुछ बनने' का दबाव इतना भारी हो सकता है कि वह रिश्तों को भी तार-तार कर दे? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनकी संतान सफल हो, प्रतिष्ठित करियर बनाए, समाज में सम्मान पाए। लेकिन जब यह चाहत संवाद और सहयोग की जगह नियंत्रण और दबाव का रूप ले लेती है, तब वह प्रेरणा नहीं, मानसिक उत्पीड़न बन जाती है। जब शिक्षा जीवन-निर्माण का माध्यम न होकर, विनाश का कारण बन जाती है। भारत में नीट और जी जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों युवाओं के लिए उम्मीद का प्रतीक हैं। नीट में पिछले वर्ष 23 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया, जबकि ज्वाइंट एन्टरेंस एक्जामिनेशन (जेईई) के एक सत्र में 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया। इन लाखों विद्यार्थियों में से केवल कुछ हजार ही शीर्ष संस्थानों तक पहुंच पाते हैं। शेष विद्यार्थियों के हिस्से अक्सर निराशा, आत्मग्लानि और सामाजिक तुलना का दंश आता है। जब सफलता का पैमाना केवल रैंक और अंक बन जाए, तो असफलता जीवन का अंत प्रतीत होने लगती है। कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों में हर वर्ष आत्महत्या की खबरें सामने आती हैं। कोटा देश की कोचिंग राजधानी कही जाती है, जहां हजारों छात्र सपने लेकर पहुंचते हैं। लेकिन उन्हीं सपनों का बोझ कई बार उनके जीवन से भारी पड़ जाता है। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी का मामला नहीं है, बल्कि एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का परिणाम है जिसमें प्रतियोगिता सहयोग से अधिक महत्त्वपूर्ण हो गई है। लखनऊ की घटना में एक और तथ्य उल्लेखनीय है-आरोपी छात्र की मां का निधन हो चुका था। घर में चाचा-चाची मौजूद थे, लेकिन क्या उस युवक की मनःस्थिति को समझने का प्रयास किया गया? क्या उसके भीतर के तनाव, अकेलेपन और भय को किसी ने सुना? यदि परिवार में नियमित संवाद होता, यदि मानसिक स्वास्थ्य को उतनी ही गंभीरता से लिया जाता जितनी अंकों को, तो शायद यह भयावह वारदात टाली जा सकती थी। आज समस्या केवल आत्महत्या तक सीमित नहीं है। बच्चे हिंसक भी हो रहे हैं। यह हिंसा बाहरी नहीं, भीतर से उपज रही है-कुंठा, अपमानबोध, तुलना और असफलता के भय से। जब बच्चे को यह महसूस होने लगे कि वह केवल एक 'प्रोजेक्ट' है, एक 'इन्वेस्टमेंट' है, जिसे किसी निश्चित पेशे में ढालना है, तब उसकी स्वतंत्र पहचान कुचल जाती है। वह या तो भीतर ही भीतर टूट जाता है या विस्फोट कर देता है। शिक्षा का उद्देश्य जीवनदायिनी होना चाहिए-विवेक, संवेदना और आत्मविश्वास का विकास करना चाहिए। लेकिन जब शिक्षा केवल प्रतिस्पर्धा और रैंकिंग का माध्यम बन जाए, तो वह तनाव और हिंसा को जन्म देती है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बन सकता, और न ही बनना चाहिए। विविध प्रतिभाओं को सम्मान देने वाली सामाजिक मानसिकता विकसित किए बिना यह संकट कम नहीं होगा। इस संदर्भ में तीन स्तरों पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। पहला, परिवार। माता-पिता को यह समझना होगा कि अपेक्षा और दबाव में अंतर है। अपेक्षा प्रेरणा देती है, दबाव भय पैदा करता है। बच्चों के साथ खुला संवाद, उनकी रुचियों को समझना, असफलता को स्वीकार्य बनाना और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। 'तुम्हें डॉक्टर बनना ही है' की जगह 'तुम जो बनना चाहो, हम साथ हैं' जैसी सोच विकसित करनी होगी। दूसरा, शिक्षा संस्थान। स्कूल और कोचिंग संस्थानों को केवल परिणाम देने वाली मशीन नहीं, बल्कि संवेदनशील संस्थान बनना होगा। नियमित काउंसलिंग, तनाव प्रबंधन कार्यशालाएं और परीक्षा को जीवन-मरण का प्रश्न न बनाने की संस्कृति विकसित करनी होगी। शिक्षकों को भी विद्यार्थियों की मानसिक दशा पहचानने का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। तीसरा, सरकार और समाज। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और कलंकमुक्त बनाना होगा। परीक्षा प्रणाली में सुधार, वैकल्पिक करियर मार्गों को बढ़ावा, और कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देना समय की मांग है। मीडिया को भी सनसनी की बजाय संवेदनशील रिपोर्टिंग करनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम इन घटनाओं को सामान्य न मानें। हर आत्महत्या और हर हिंसक घटना हमारे सामाजिक ताने-बाने में दरार का संकेत है। यदि हम इसे केवल 'व्यक्तिगत मामला' कहकर टाल देंगे, तो आने वाले समय में ऐसी घटनाएं और बढ़ेंगी। लखनऊ की घटना हमें झकझोरती है। यह बताती है कि शिक्षा का दबाव, पारिवारिक संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा मिलकर कितनी भयावह परिणति ला सकती है। अब समय है कि हम सामूहिक आत्ममंथन करें। शिक्षा को जीवन का उत्सव बनाएं, न कि भय का कारण। बच्चों को लक्ष्य दें, लेकिन उनके पंख न काटें। सपने दिखाएं, पर उन्हें सांस लेने की जगह भी दें। जब तक हम सफलता की परिभाषा को व्यापक नहीं करेंगे और बच्चों को अंक से अधिक मनुष्य मानना नहीं सीखेंगे, तब तक यह संकट बना रहेगा। परीक्षा का मौसम हर साल आएगा, लेकिन यदि हम संवेदनशील समाज बन सके, तो शायद अगली पीढ़ी के लिए यह मौसम भय का नहीं, आत्मविश्वास का प्रतीक बन सकेगा।

**लखनऊ की घटना केवल परीक्षा दबाव की कहानी नहीं है, बल्कि परिवारों में बढ़ती संवेदनहीनता, संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा का दर्पण है। पुलिस जांच के अनुसार एक पैथोलॉजी लैब संचालक पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे और उस पर नीट जैसी परीक्षा पास करने का लगातार दबाव बना रहे थे। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच बहस हुई और 21 वर्षीय युवक ने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपराध छिपाने के लिए शव के टुकड़े किए, कुछ बाहर फेंके, कुछ घर में छिपाए, छोटी बहन को धमकाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले लापता होने और फिर आत्महत्या की कहानी गढ़ी। यह सब बताता है कि यह क्षणिक आवेश नहीं था, बल्कि भीतर लंबे समय से पल रही कुंठा, आक्रोश और मानसिक विघटन का परिणाम था।**

# राज्यमंत्री ने विकास कार्यों की प्रगति व कानून व्यवस्था की समीक्षा की

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह ने मां शीतला अतिथि गृह, सयांरा में विकास कार्यों की प्रगति एवं कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक में राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में ऐसा औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाए, जहां खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना हो सके। उन्होंने प्रगतिशील किसानों, एफपीओ, व्यापारियों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक कर उन्हें सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित करने को कहा, जिससे स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार के अवसर सृजित हो सकें। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक को सड़क दुर्घटना बाहुल्य स्थलों को चिन्हित कर आवश्यक निवारक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अवैध कट बंद कराने पर भी जोर दिया। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता को प्राथमिकता के आधार पर सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए तथा जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव प्राप्त करने को कहा। साथ ही जनपद में हाईटेक नर्सरी विकसित करने के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये। जल जीवन मिशन की समीक्षा में अधिशासी अभियंता, जल निगम को अंतिम चरण की परियोजनाएं शीघ्र पूर्ण कराने और पाइपलाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त सड़कों को मानक के अनुरूप ठीक कराने को कहा। राजस्व वादों के निस्तारण में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। निराश्रित गोवंश की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आवारा गोवंशों को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश दिए। गौशालाओं के लिए चिन्हित चारागाहों में चारे की बुआई और नैपियर घास के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। पशु टीकाकरण की स्थिति तथा बीमारियों से हुई पशु मृत्यु की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

मध्यान्ह भोजन योजना की समीक्षा में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को प्रभावी मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के चयन में पारदर्शिता बरतने तथा सिंचाई आवश्यकताओं के अनुसार पंप कैनाल की क्षमता वृद्धि पर जोर दिया। भूगर्भ जल रिचार्ज के लिए कार्ययोजना बनाकर विकास खंड मूरतगंज एवं चायल को डार्क जोन से बाहर लाने के प्रयास करने को कहा। खाद की उपलब्धता, कन्या सुमंगला योजना के प्रचार-प्रसार, विद्युत बिल सुधार, ट्रांसफार्मर बदलने की समयबद्धता, पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को जोड़ने, अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। स्वयं सहायता समूहों के सफल उद्यमों की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने को भी कहा गया। इस अवसर पर चायल की विधायक पूजा पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, निवर्तमान विधायक संजय गुप्ता व शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी व भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी, शिवमोहन मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी ओम प्रकाश एवं अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी

## राज्य मंत्री ने लाभार्थियों को वितरित किया आयुष्मान कार्ड



कौशाम्बी। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह ने मां शीतला अतिथि गृह, सयांरा में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किये। उन्होंने लाभार्थी प्रहलाद नारायण, परान, जग्गू सिंह, सोनेलाल, गोकुल प्रसाद मौर्य, रामजस, रजिया, चन्द्रा देवी, सुशीला देवी व रूक्मिनी देवी को आयुष्मान कार्ड प्रदान कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास मिशन के अंतर्गत लाभार्थियों को बीज किट एवं विभिन्न पारिस्थितकीय कृषि यंत्र (प्रेयर मशीन) वितरित किए गए। कृषि यंत्र एवं बीज किट प्राप्त करने वालों में कुंवर बहादुर सिंह, घनश्याम सिंह व पुरूषोत्तम प्रसाद शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर चायल की विधायक पूजा पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, निवर्तमान विधायक संजय गुप्ता व शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी व भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी, शिवमोहन मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी ओम प्रकाश एवं अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

# गोविन्द कुशवाहा पुनः बने नगर अध्यक्ष, गिरीश वर्मा जिला प्रतिनिधि मनोनीत



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांगरमऊ-उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने नगर निवासी गोविन्द कुशवाहा को पुनः नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। वहीं गिरीश वर्मा को जिला प्रतिनिधि की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने फूल-मालाओं से लादकर उनका जोरदार स्वागत किया।

नगर अध्यक्ष गोविन्द कुशवाहा ने कहा कि पार्टी ने उन पर दोबारा विश्वास जताया है, इसके लिए वह प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आभारी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभी से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं, ताकि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई जा सके।

इस अवसर पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बाला राव गुप्ता, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश पाल, ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद, नगर महामंत्री राजकुमार विश्वकर्मा, सूरज गुप्ता, रोशन यादव, सावित्री देवी, शोभित सविता सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव में निपुण छात्रों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांगरमऊ-उन्नाव। क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय धन्नापुरवा सकरौली में शारदा संगोष्ठी, वार्षिकोत्सव एवं निपुण सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान राकेश यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।

सभा को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालयों में कराएं और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें। प्रभारी शिक्षिका गीता यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों को निशुल्क पुस्तकें, जूते-मोजे, ड्रेस, बैग तथा दिव्यांग बच्चों को छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। एआरपी राजकुमार द्विवेदी ने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। वहीं एआरपी अनुज विश्वकर्मा ने बताया कि बच्चों के बेहतर शिक्षण के लिए (रीड अलांग ऐप) और (दीक्षा ऐप) निशुल्क उपलब्ध हैं।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बालिका शिक्षा, नारी शक्ति और नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों पर आधारित नाटक व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। आदिवासी समाज पर आधारित 'जंगल डांस' ने दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में निपुण छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, संकुल शिक्षक, ग्राम प्रधान, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## श्रीमद्भागवत कथा में गूंजा 'नंद के आनंद भयो', कृष्ण जन्म प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

बांगरमऊ-उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुर गोटपाली में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस मैनपुरी के विख्यात कथा व्यास प्रवेश शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।कथा के दौरान व्यासपीठ से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि हुई है, तब-तब भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर धर्म की पुनर्स्थापना की है। कृष्ण के अवतरण का उद्देश्य अधर्म और अत्याचार का अंत करना रहा है। भागवताचार्य ने बताया कि कंस द्वारा प्रजा और धर्माचार्यों पर अत्याचार किए जाने लगे थे। धर्म कार्यों में बाधा डाली जा रही थी, जिससे समस्त प्रजा त्रस्त हो उठी। कंस ने अपनी बहन देवकी और उनके पति वसुदेव को कारागार में डाल दिया। अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए देवकी के गर्भ से कारागार में ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं एवं वीवीपैट वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद कौशाम्बी के जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सी.सी.टी.वी. कक्ष का निरीक्षण करते हुए वहां स्थापित सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और लॉगबुक का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की सुरक्षा मानकों के अनुरूप सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला मजिस्ट्रेट ने 4 मार्च को आबकारी की समस्त दुकानों को बंद रखने के दिए आदेश

कौशाम्बी। होली पर्व के मद्देनजर जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अमित पाल ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किये हैं। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अमित पाल ने संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्देशित किया है कि जनपद कौशाम्बी में संचालित समस्त देशी शराब, कम्पोजिट मदिरा, भांग,एफ.एल.-16/17, एफ.एल.-2, 2बी एवं सी.एल.-2 आदि मादक पदार्थों की थोक एवं फुटकर बिक्री की सभी दुकानें होली (रंग खेले जाने वाले सम्पूर्ण दिवस) दिनांक 04 मार्च 2026 को पूर्णतः बंद रहेंगी। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि उक्त दिवस पर दुकानें बंद रखने के लिए संबंधित अनुज्ञापियों को नियमानुसार किसी प्रकार का प्रतिफल देय नहीं होगा। जिला मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए, जिससे होली पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके।

# उन्नाव में एटीएस की बड़ी कार्रवाई

- दही औद्योगिक क्षेत्र से बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, फर्जी आधार के सहारे स्लाटर हाउस में कर रहा था मजदूरी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। दही औद्योगिक क्षेत्र में संचालित मांस निर्यात इकाइयों में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश एटीएस की लखनऊ यूनिट ने बुधवार देर रात छापेमारी कर एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया। आरोपित फर्जी भारतीय दस्तावेजों के सहारे स्लाटर हाउस में मजदूरी कर रहा था। कार्रवाई के बाद औद्योगिक क्षेत्र व आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया।

गिरफ्तार आरोपित की पहचान सैफुल पुत्र फरीदुल आलम निवासी लंबामथ, नाइकस्यांगछारी मौजा, बंदरबन (बांग्लादेश) के रूप में हुई है। एटीएस के अनुसार वह करीब पांच से छह वर्ष पहले अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था। पूछताछ में उसने बताया कि वह बेनापोल-24 परगना (पश्चिम बंगाल) व खुलना बॉर्डर के रास्ते भारत में घुसा था।

सैफुल पहले लगभग एक वर्ष मुंबई में रहकर पंखे के रेगुलेटर बनाने का कार्य करता रहा। इसके बाद वह उन्नाव आ गया और दही औद्योगिक क्षेत्र के स्लाटर हाउसों में नौकरी करने लगा। एटीएस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र की मांस निर्यात इकाइयों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक फर्जी दस्तावेज बनवाकर काम कर रहे हैं और शिवनगर समेत अन्य मोहल्लों में किराए पर रह रहे हैं।

इसी सूचना के आधार पर 25 फरवरी 2025 की रात शिवनगर मोड़ पर उसे दबोचा गया। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसकी जांच में उसके नाम से बना जाली भारतीय आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड पर विशाल धर्म कांटा का पता दर्ज था और उम्र 29 वर्ष अंकित थी। तलाशी में भारतीय मुद्रा भी बरामद हुई। मोबाइल गैलरी में उसके परिजनों के बांग्लादेशी पहचान पत्रों की तस्वीरें मिलीं, जो वर्ष 2008 में जारी हुए थे।

पूछताछ में सैफुल ने स्वीकार किया कि उसने एक दलाल के माध्यम से फर्जी आधार कार्ड बनवाया था, हालांकि वह दलाल का नाम स्पष्ट नहीं बता सका। उन्नाव में वह पहले नूर मोहम्मद की मीट कंपनी 'नूर इंटरप्राइजेज' में कार्यरत रहा और बाद में दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित जेएस स्लाटर हाउस में हेल्पर के रूप में काम करने लगा।

एटीएस लखनऊ यूनिट के प्रभारी निरीक्षक की तहरीर पर दही थाना में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 337, 340 तथा आप्रवासन एवं विदेशी अधिनियम, 2025 की धारा 21 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है और उससे जुड़े नेटवर्क की जांच जारी है।

# सेतुओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ तेजी लाये जाने के निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- आयुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक

बांदा। आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने खराब ट्रान्सफार्मरों को समय से बदले जाने तथा घरों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन हटाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ट्रान्सफार्मरों को कवर करके रखे जाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति के समय विद्युत कटौती नही किये जाने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने सेतुओं के निर्माण की समीक्षा करते हुए बॉदा एवं चित्रकूट में सेतुओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ तेजी लाये जाने तथा नई सड़कों के निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा मुख्यमंत्री श्रम सम्मान योजना की समीक्षा करते हुए जनपद चित्रकूट, महोबा और हमीरपुर में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी पीएचसी एवं सीएचसी में शौचालय, बिजली, रोड एवं पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों दिये। नन्दनी एवं मिनी नन्दनी योजना का लाभ पशुपालकों को दिलाये जाने हेतु पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग पर अधिकारी विशेष ध्यान देते हुए कार्यों को पूर्ण करायें। उन्होंने लघु एवं सीमान्त किसानों को योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

# संक्षिप्त समाचार

## सरकारी अस्पताल में प्रसूता से अभद्रता, प्राइवेट दाई के खिलाफ शिकायत

बांगरमऊ-उन्नाव। नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक प्रसूता के साथ अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। बाथरूम जाने की बात पर नाराज हुई एक प्राइवेट दाई ने प्रसूता को सरेआम गाली-गलौज कर अपमानित कर दिया। मामले में पीड़िता के पति ने चिकित्साधीक्षक से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम कटरी गदनपुर आहार अंतर्गत मजरा चौगवां निवासी राकेश ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पत्नी नीतू का प्रसव बीते बुधवार को सरकारी अस्पताल में हुआ था। गुरुवार सुबह जब नीतू लघुशंका के लिए बाथरूम जाने लगी, तभी वहां मौजूद प्राइवेट दाई इस बात से नाराज हो गई और उसने भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उसे अपमानित किया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि अस्पताल परिसर में इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रसूता के पति ने संबंधित महिला कर्मी के विरुद्ध जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। चिकित्साधीक्षक से संपर्क किए जाने पर उन्होंने मामले की जांच कर उचित कदम उठाने की बात कही है।

## कानून का डंडा चला: गैंगस्टर एक्ट में आरोपी को सज़ा

बांदा। जिले में संगठित अपराध गैंगस्टर एक्ट के खिलाफ बड़ी कानूनी कार्रवाई हुई है। अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) प्रदीप कुमार मिश्रा बांदा की अदालत ने थाना मटौंध, जनपद बांदा में दर्ज मुकदमा अपराध गैंगस्टर एक्ट (धारा 2/3) के मुकदमे में अभियुक्त सुनील कोरी पुत्र राम जीवन को दोषी करार देते हुए 2 वर्ष 4 माह का कारावास और 5,000 का जुर्माना लगाया है। जुर्माना न देने पर एक महीने का साधारण कारावास भोगना पड़ेगा। विशेष लोक अभियोजक सौरभ सिंह ने बताया कि सुनील कोरी एक संगठित गिरोह का सक्रिय सदस्य था। पुलिस द्वारा तैयार गैंग चार्ट में उसके खिलाफ चोरी, लूट, जानलेवा हमला और अवैध हथियार से जुड़े कई मामले दर्ज पाए गए। इन्हीं मामलों के आधार पर उसे गैंगस्टर एक्ट के तहत नामजद किया गया। राम दिनेश तिवारी प्रभारी मटौंध ने 20 अक्टूबर 23 को थाना मटौंध में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कराया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त व उसके गिरोह की गतिविधियों से क्षेत्र में भय और आतंक का माहौल बना हुआ था। आम लोग डर के कारण शिकायत करने से कतराते थे। जांच के बाद गैंग चार्ट बनाकर जिलाधिकारी से अभियोजन स्वीकृति ली गई और मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मटौध पुलिस द्वारा गिरोह बनाकर वाहनों की चोरी करने वाले गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त (गैंग सदस्य) को गिरफ्तार कर लिया गया है । गिरफ्तार अभियुक्त एक संगठित वाहन चोर गिरोह का सक्रिय सदस्य है, जो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दो पहिया व चार पहिया वाहनों चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था और वांछित चल रहा था ।

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बबेरू का नवीन भवन में हुआ भव्य उद्घाटन

बांदा। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बबेरू का बुधवार को शाखा का नवीनीकरण किया गया। जिसका भव्य उद्घाटन समारोह किया गया। उक्त अवसर पर एसडीएम बबेरू अवनीश कुमार बतौर मुख्य अतिथि रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद केसवानी तहसीलदार बबेरू हेमराज सिंह नयाब तहसीलदार मनोहर कुमार बैंक के मुख्य प्रबंधक रविंद्र कुमार पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे । शाखा प्रबंधक नदीमुल इस्लाम ने बताया कि पूर्व में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक पुरानी भवन मैं होने के कारण शाखा का बिल्डिंग पूरी तरह खराब हो गई थी , जिस वजह से बैंक आने वाले ग्राहकों को काफी असुविधा होती थी।

# वन ड्राप मोर क्रॉप योजना से अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करायें: सीडीओ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- सीडीओ ने की सीएम डैशबोर्ड व सीएमआईएस के कार्यों की समीक्षा

बांदा। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में सीएम डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस पोर्टल के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने उद्यान विभाग द्वारा संचालित वन ड्राप मोर क्रॉप की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने खराब ट्रान्सफार्मरों को बदलने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति में सुधार करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को दिये। उन्होंने विद्युत बिलों में सुधार के कार्य को भी ठीक किये जाने हेतु निर्देशित किया। किसान सम्मान निधि में किसानों को धनराशि दिये जाने के कार्य में रैंक में सुधार लाने के निर्देश दिये। स्वयं सहायता समूह का गठन किये जाने तथा उन्हें लक्ष्य के अनुरूप सीसीएल कराये जाने हेतु निर्देशित किया। जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को समय से योजना का भुगतान किये जाने तथा 102 एवं 108 एम्बुलेन्स सेवा के रिसपान्स टाइम में सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने दुग्ध विकास के अन्तर्गत गठित समितियों को सक्रिय किये जाने के भी निर्देश दिये।

उन्होंने पर्यटन विभाग की निर्माणाधीन संचालित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन कार्यों रिवरफ्रन्ट रनगढ, भूरागढ़ एवं नवाब टैंक में फाउन्टेन निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये।

# विराट किसान मेला का कृषि मंत्री ने किया शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 26 से 28 फरवरी के मध्य कृषि विश्वविद्यालय बांदा में विराट किसान मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त विराट किसान मेले का शुभारंभ कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सूर्य प्रताप शाही द्वारा किया गया उक्त कार्यक्रम में जनपद के जनप्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के उच्च अधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं उक्त किसान मेला प्रदर्शनी में नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा विकास अधिकरण नेडा से पंजीकृत सोलर वेंडर कांति इंटरप्राइजेज इंदिरा नगर बांदा द्वारा बृहद सोलर स्टाल लगाया गया है उक्त स्टाल के माध्यम से जनपद बांदा एवं अन्य जनपदों से आए अन्नदाता किसान भाइयों के मध्य माननीय प्रधानमंत्री जी के महत्वाकांक्षी विजन के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विस्तार से जानकारी दी गई तथा लगभग 300 महानुभावों ने जानकारी प्राप्त करने के उपरांत योजना की सराहना करते हुए सोलर पैनल अपना कर अपने घर में बिजली का प्रोजेक्ट लगवाए जाने हेतु पहल करने का आश्वासन दिया गया प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रति किलो वाट लागत अनुमानित 60000 आती है 1 किलोवाट पर केंद्र द्वारा 30000 तथा राज्य सरकार द्वारा 15 000 इस प्रकार 1 किलोवाट के सोलर पैनल लगवाने पर 45000 रुपए की सब्सिडी 2 किलो वाट के सोलर पैनल लगवाने पर केंद्र एवं राज्य द्वारा 90000 रुपए की सब्सिडी तथा 3 किलो वाट से लेकर 10 किलो वाट तक के सोलर पैनल लगाए जाने पर 108000 की सब्सिडी डीबीटी के माध्यम से संबंधित सोलर कनेक्शन धारकों के बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त होती है भारत सरकार द्वारा विभिन्न बैंकों के माध्यम से सस्ती ब्याज दर 6 प्रतिशत पर सोलर पैनलों के लगवाए जाने हेतु लोन के माध्यम से भी सुविधा प्रदान की गई है लाभार्थी द्वारा 10 प्रतिशत मार्जन मनी जमा करके लोन के माध्यम से सोलर पैनल लगवाए जा सकते हैं उक्त सटाल में कांती इंटरप्राइजेज बांदा द्वारा सोलर कैमरे का भी प्रदर्शन किया गया सोलर कैमरा पूर्णतया धूप पर आधारित होता है तथा किसान भाइयों के खेत खलिहानों की निगरानी के लिए अचूक उपाय है विराट किसान मेला में पधारे हुए अन्नदाता किसानों द्वारा सोलर पैनल के माध्यम से बिजली उत्पादन एवं सोलर कैमरे के माध्यम से अपने खेत की निगरानी किए जाने की जानकारी प्राप्त करने में बहुत रुचि प्रदर्शित की गई।

## जैविक उत्पाद परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन

बांदा। बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा में जैविक उत्पाद परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना उत्तर प्रदेश सरकार के बुंदेलखंड पैकेज के तहत 9.95 करोड़ की कुल परियोजना लागत से की गई है। यह आधुनिक प्रयोगशाला बुंदेलखंड क्षेत्र में जैविक कृषि को मजबूत करने और गुणवत्ता आश्वासन प्रणालियों में सुधार के लिए विकसित की गई है। यह सुविधा जैविक उत्पादों, मिट्टी और जैविक इनपुट के परीक्षण के लिए यूएचपीएलसी, आस, एक्सआरडी और एफटीआईआर जैसे उच्च-स्तरीय और आधुनिक विश्लेषणात्मक उपकरणों से लैस है, जहां सटीक विश्लेषण, अवशेषों का पता लगाने और जैविक मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित किया जायेगा।

# गोला चीनी मिल की वृहद किसान गोष्ठी में उन्नत गन्ना खेती की दी गई जानकारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की गोला इकाई द्वारा ग्राम गनेशपुर में वृहद किसान मेला एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर उन्नत गन्ना खेती की वैज्ञानिक जानकारियां प्राप्त कीं।

मंच पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, गन्ना समिति गोला के सचिव बलवन्त चौधरी, इकाई प्रमुख राकेश यादव, जमनाबाद शोध केन्द्र से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सरनाम सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र से डॉ. प्रदीप बिसेन तथा चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) पी.एस. चतुर्वेदी मौजूद रहे।

गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए उन्नतशील प्रजातियां को0 0118, को0 15023, कोलख0 14201 तथा निचले क्षेत्रों के लिए को0 98014 व कोलख0 94184 की बुवाई करने हेतु किसानों को प्रेरित किया। साथ ही हरियाणा 119 (HR), कोशा0 91269 एवं पीबी0 95 जैसी अनामित व अस्वीकृत प्रजातियों की बुवाई न करने की सलाह दी। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सरनाम सिंह ने संतुलित खाद एवं वैज्ञानिक पद्धति से खेती के गुर बताए, जबकि डॉ. प्रदीप बिसेन ने कीट एवं रोग नियंत्रण के यांत्रिक, जैविक और रासायनिक उपायों की विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) पी.एस. चतुर्वेदी ने किसानों को बीज चयन में सावधानी बरतने, बीज के रूप में गन्ने के ऊपरी दो-तिहाई हिस्से की बुवाई करने तथा चार फीट की दूरी पर ट्रेंच विधि से गन्ना लगाने के लाभ बताए।

उन्होंने गहरी जुताई से मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ने, वायु संचार बेहतर होने और उत्पादन में वृद्धि की जानकारी दी। भूमि उपचार हेतु ट्राइकोडर्मा एवं बीज उपचार के लिए फफूंदीनाशक थायोफिनेट मिथाइल अनुदान पर उपलब्ध कराए जाने की जानकारी भी दी गई। साथ ही बताया गया कि उन्नत प्रजातियों का शुद्ध एवं निरोग बीज मिल के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर वितरित किया जा रहा है। किसानों को यह भी अवगत कराया गया कि मिलगेट एवं क्रय केन्द्रों पर खुली खरीद की जा रही है। जिन किसानों के पास आपूर्ति योग्य गन्ना अवशेष है, वे अपना कोड नंबर देकर पर्ची प्राप्त कर गन्ना आपूर्ति कर सकते हैं। गोष्ठी के दौरान गन्ना खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेले में सहफसली खेती, पेड़ी प्रबंधन, भूमि व बीज उपचार तथा कृषि यंत्रों का लाइव प्रदर्शन किया गया। विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से किसानों को गन्ना खेती से संबंधित उत्पादों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर गन्ना समिति गोला के उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, संचालक श्याम सिंह, संजय सिंह, योगेश वर्मा, पूर्व संचालक वीरेन्द्र वर्मा, प्रगतिशील कृषक राजेन्द्र शर्मा, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) ओ.डी. शर्मा, प्रबंधक (गन्ना) सत्येन्द्र कुमार मिश्र, संजीव चौधरी सहित मिल एवं समिति के गन्ना विकास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने परखी शिव मंदिर कॉरिडोर की रफ्तार

- जल निकासी, समतलीकरण व वीआईपी मार्ग चौड़ीकरण पर सख्त निर्देश, 7 दिन में प्रगति दिखाने की हिदायत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। गोला गोकर्णनाथ में निर्माणाधीन शिव मंदिर कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं गोला विधायक अमन गिरी ने अधिकारियों की टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि यह परियोजना जनआस्था से जुड़ी है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक अमन गिरी ने कार्यों में तेजी लाने तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

मौके पर मंदिर परिसर में जल निकासी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता पाई गई। इस पर डीएम ने नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ को जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कॉरिडोर में नवनिर्मित मंदिरों में पुराने मंदिरों की मूर्तियों की स्थापना का कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने को कहा। मंदिर परिसर के भीतर समतलीकरण का कार्य आगामी सात दिनों में पूरा करने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कॉरिडोर से जुड़े वीआईपी मार्ग के चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने हेतु संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। डीएम ने स्पष्ट किया कि मार्ग चौड़ा होने से यातायात व्यवस्था सुगम होगी और तीर्थ क्षेत्र की व्यवस्थाएं बेहतर होंगी।

# दहेज हत्या प्रकरण में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मोहम्मदी खीरी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में डा0 ख्याति गर्ग पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के मार्गदर्शन में थाना मोहम्मदी पुलिस ने दहेज हत्या के एक प्रकरण में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक थाना मोहम्मदी के नेतृत्व में 26 फरवरी 2026 को पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 98/2026, धारा 85/80(2) बीएनएस एवं 3/4 डी.पी. एक्ट से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्त विशाल पुत्र कप्तान तथा अभियुक्ता फूलमती पत्नी कप्तान, निवासी ग्राम दुबहा, थाना मोहम्मदी, जनपद खीरी को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपितों को विधिक कार्रवाई पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में विशाल पुत्र कप्तान, निवासी ग्राम दुबहा, फूलमती पत्नी कप्तान, निवासी ग्राम दुबहा, थाना मोहम्मदी,को गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अंशुल कुमार, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र सिंह तोमर ,कांस्टेबल अमित सिंह,महिला कांस्टेबल संध्या सिंह, शामिल रहे।

# सीमाओं से परे संस्कृति का संगम

## दुधवा टाइगर रिजर्व 'चंदन चौकी' में गूंजा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। 2026 भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का अनुपम उत्सव भारतऽनेपाल मैत्री महोत्सव 2026 जनपद लखीमपुर खीरी स्थित चंदन चौकी में उल्लास और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। संस्कृतिऽपर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने सीमाओं से परे मित्रता, परंपरा और सांस्कृतिक एकता का सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक शोभायात्रा से हुई, जिसने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। दीप प्रज्वलन के साथ मंचीय कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। इसके बाद लोक संस्कृति की रंगीन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर जादू कला से लेकर लोक गायन और थारू लोक नृत्य तक विविध प्रस्तुतियों ने तालियों की गूंज से प्रेक्षागृह को भर दिया। हर्ष अग्निहोत्री की जादू प्रस्तुति ने आश्चर्य का वातावरण बनाया, वहीं दीपिका मिश्रा, गौरी शंकर एवं सुप्रिया भारती के लोक गायन ने समां बांध दिया। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त राकेश उपाध्याय ने ऌनिमिया के डारङ्क और ऌहोली उलराराङ्क जैसी मधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

स्वधा मिश्रा के बधावा लोक नृत्य तथा प्रेरणा कठारिया, लक्ष्मण प्रसाद राणा एवं दुधवा थारू मयूर मंडली ऌनिर्मलाङ्क दल की प्रस्तुतियों ने भारतऽनेपाल की सांस्कृतिक निकटता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमल राना (नेपाल भाषा विधि संयोजक), उपजिला अधिकारी (न्यायिक) पलिया आरती यादव, ब्लॉक प्रमुख पलिया वीरेंद्र शुक्ला, तहसीलदार पलिया ज्योति वर्मा, डीएसपी पलिया जितेंद्र सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता, परियोजना अधिकारी कृष्ण पाल सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

सभी वक्ताओं ने भारतऽनेपाल की ऐतिहासिक मित्रता को और अधिक सशक्त एवं प्रगाढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा एवं सफल क्रियान्वयन में नोडल अधिकारी अतुल द्विवेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विभाग की ओर से सूरज गौतम, वैभव विशाल, लकी सोनकर एवं अन्य कर्मचारीगण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखा।

यह महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि दो देशों के हृदयों को जोड़ने वाला सशक्त सेतु सिद्ध हुआ। उपस्थित जनसमूह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे जनपद के लिए गौरवपूर्ण आयोजन बताया।

# संक्षिप्त समाचार

## होली के अवसर पर दिल्ली क्षेत्र में पार्सल यातायात पर अस्थायी प्रतिबंध

नई दिल्ली। आगामी होली पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तथा आनन्द विहार (ट.) रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करने वाली ट्रेनों में सभी प्रकार की पार्सल बुकिंग (आउटवर्ड लीज्ड एसएलआर/आउटवर्ड रेलवे पार्सल बुकिंग सहित) पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाता है। यह प्रतिबंध दिनांक 01.03.2026 से 03.03.2026 तक प्रभावी रहेगा। यह प्रतिबंध निम्नलिखित प्लेटफार्मों से प्रस्थान करने वाली ट्रेनों पर लागू होगाः नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 6/7, 8/9 एवं 14/15 आनन्द विहार (ट.) के प्लेटफार्म संख्या 2/3 साथ ही अन्य मण्डलों से चलकर इन प्लेटफार्मों पर लोडिंग/अनलोडिंग के लिए रुकने वाली गुजरने वाली ट्रेनों पर भी उक्त अवधि में प्रतिबंध लागू रहेगा। यात्रियों का व्यक्तिगत सामान केवल यात्री डिब्बों में ले जाने की अनुमति होगी। पंजीकृत समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं की बुकिंग सार्वजनिक सुरक्षा का समुचित ध्यान रखते हुए ही की जाएगी।

## होली-रमजान को लेकर सिंगाही थाने में पीस कमेटी की बैठक

सिंगाही खीरी। आगामी त्योहारों के मद्देनजर स्थानीय थाने में थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया। गुरुवार को आयोजित बैठक में थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही पवित्र पर्व हैं। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहारों को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी पर जबरन रंग न लगाया जाए और शालीनता के साथ पर्व मनाया जाए। थानाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति शराब पीकर वाहन चलाते या हुड़दंग करते पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान दीवान से दरोगा बने समीम अहमद को नगर पंचायत अध्यक्ष मो. कयूम एवं सभासद रामनरेश गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष मो. कयूम, सभासदगण, ग्राम प्रधान एवं अन्य सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## होली धमाका के तहत बांदा डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक में मिलेगा सर्वाधिक ब्याजः पंकज अग्रवाल

बांदा। बांदा डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लि0 बांदा के सभापति पंकज अग्रवाल एवं सचिव /मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ आकांक्षा वर्मा द्वारा जनपद के निवासियों को होली पर्व एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तिम माह हेतु अपनी बचत की पूंजी को बैंक में जमा कर सर्वाधित ब्याज हेतु होली धमाका करते हुये 444 दिन के लिये 7.75 प्रतिशत अधिकतम ब्याज दर निर्धारित की गयी है । जिसकी जानकारी देते हुये उक्त द्वय अधिकारियों द्वारा जनपद के सभी निवासियों को उक्त योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु अपील की गयी है ।साथ ही उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उक्त योजना के अन्तर्गत हमारे बैंक कार्यक्षेत्र बांदा - चित्रकूट की शाखाओं में कार्यरत शाखा प्रबन्धकों से सम्पर्क कर लाभ प्राप्त किया जा सकता है तथा यदि किसी को कोई समस्या हो तो तत्काल दूरभाष से अवगत करायें । उक्त के अतिरिक्त समितियों के सदस्यों से भी अपील की गयी है कि वह खरीफ मांग हेतु अपने ऋण की अदायगी 15 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें ताकि उनको 3 प्रतिशत ब्याज का लाभ यथावत बना रहे और उनको भारत सरकार तथा राज्य सरकार से प्राप्त ब्याज अनुदान का लाभ यथावत प्राप्त हो सके अन्यथा उक्त ऋण पर उक्त लाभ से वंचित हो जायेगें । उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उ0प्र0सरकार के डिजटलीकरण योजना के अन्तर्गत समितियों में क्यू आर कोड उपलब्ध करा दिये गये जिससे किसानों को उर्वरक लेने में सुविधा होगी ।

# लखनऊ से सोनभद्र तक सपाई के यहां आईटी छापे

- इस मामले में आय से अधिक संपत्ति का भी हो सकता है खुलासा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




सोनभद्र/लखनऊ। सोनभद्र में सपा नेता इश्तियाक खान पर आयकर विभाग की कार्रवाई अब और भी व्यापक होती जा रही है। आयकर टीम लगातार जिले में डटी है। ईशान कंस्ट्रक्शन स्थित उनकी पत्थर खदान पर हाईटेक अभी जांच जारी है, जहां ड्रोन कैमरों और सेटेलाइट तकनीक से जियो मैपिंग की जा रही है।

गोपनीय मिशन के तहत पहले चरण में शादी के स्टिकर लगी गाड़ियों से टीम जिले में दाखिल हुई और खनन कारोबारियों के आवास व प्रतिष्ठानों पर दबिश दी गई। अब जांच सीधे खदानों,कार्यालयों और बैंक खातों तक पहुंच गई है। इसी क्रम में टीम खनन व्यवसायियों के बैंक खातों की पड़ताल के लिए सोनभद्र के ओबरा स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा भी पहुंची, जहां ईशान कंस्ट्रक्शन से जुड़े खातों को खंगाला गया है। जांच टीम लखनऊ स्थित सपा नेता के आवास 3/13 सैफायर विला,सरोजिनी नायडू मार्ग,हांडा हॉस्पिटल लेन,योजना भवन के पास,हजरतगंज पर भी पहुंची। हालांकि इस्तियाक खान न तो सोनभद्र में दिखे और न ही लखनऊ आवास पर पाए गए। सूत्रों के अनुसार वह उत्तर प्रदेश से बाहर हैं, लेकिन जांच अधिकारियों से उनकी फोन पर बातचीत हो रही है और उन्हें शीघ्र उपस्थित होने के लिए कहा गया है। इसके बाद से सोनभद्र के ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली-मारकुंडी खनन क्षेत्र में इस कार्रवाई से खनन कारोबार में सन्नाटा और व्यवसायियों में हड़कंप है।

वाराणसी जोन के अधिकारियों की अगुवाई में चल रही इस कार्रवाई में सोनभद्र जनपद के 14 से अधिक स्थानों पर एक साथ जांच जारी है। 100 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी अलग-अलग टीमों में तैनात हैं। तकनीकी टीम ड्रोन कैमरों से खदान क्षेत्र की मैपिंग कर रही है और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर स्वीकृत सीमा और वास्तविक खनन का मिलान किया जा रहा है।सूत्रों के मुताबिक जांच में एमएम-11 जारी करने में अनियमितता और अन्य वित्तीय गड़बड़ियों की बात सामने आई है। आयकर विभाग ने खदान से जुड़े तीन कर्मचारियों को हिरासत में लेकर उनके मोबाइल फोन और अहम दस्तावेज कब्जे में लिए हैं।साथ ही बैंकिंग ट्रांजैक्शन की गहन जांच के लिए ईशान कंस्ट्रक्शन के खातों को खंगाला जा रहा है,जहां से बड़े वित्तीय खुलासे की संभावना जताई जा रही है।अधिकारियों ने कैमरे पर कुछ भी कहने से इनकार किया है, लेकिन संकेत साफ हैं कि जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है। कुछ अन्य प्रभावशाली नाम भी सामने आ सकते हैं। शादी के स्टिकर लगी गाड़ियों से शुरू हुआ यह गोपनीय ऑपरेशन अब खदानों से बैंक खातों तक पहुंच चुका है और प्रदेश की इस बड़ी तकनीकी जांच पर सबकी नजर टिकी हुई है।

# श्री हरिद्वारी वैश्य समिति पीड़ित के लिए बनी सहारा, इलाज हेतु भेजी आर्थिक मदद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। दिल्ली स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उपचार करा रहे गोला निवासी युवक की मदद के लिए श्री हरिद्वारी वैश्य समिति आगे आई है। समिति ने पीड़ित के खाते में 5200 रुपये की आर्थिक सहायता भेजी है।

समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि सुजातीय बंधु आशीष कुमार गुप्ता निवासी गोला का 22-11-2022 को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो जाने के बाद से लगातार इलाज चल रहा है। वर्तमान में उनका उपचार दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में जारी है। पीड़ित ने समिति पदाधिकारियों व सदस्यों से अनुरोध किया था कि पूर्व में भी उन्हें समिति से आर्थिक सहयोग मिलता रहा है, जिसके लिए वे आभारी हैं। अब उनके अंतिम ऑपरेशन का खर्च लगभग 1,80,000 रुपये है, जो आयुष्मान कार्ड से वहन हो जाएगा। हालांकि ऑपरेशन में लगने वाले इंजेक्शन व दवाइयों का करीब 5200 रुपये का खर्च बाहर से करना है, जिसे वहन करने में वे असमर्थ हैं। प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए समिति अध्यक्ष की अगुवाई में पदाधिकारियों ने 5200 रुपये की सहायता राशि बारकोड के माध्यम से पीड़ित के खाते में भेज दी। अध्यक्ष ने बताया कि आशीष कुमार गुप्ता को पूर्व में भी कई बार आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है और आगे भी समिति जरूरतमंदों के सहयोग के लिए तत्पर रहेगी।

# चंद्र ग्रहण के चलते बदली होली की तिथि, 2 मार्च को होलिका दहन व 4 मार्च को रंगोत्सव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। इस वर्ष फाल्गुन पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण के संयोग के कारण होली पर्व की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। राम जानकी मंदिर के पुजारी पंडित हरि प्रसाद भट्ट ने बताया कि शास्त्रीय गणना के अनुसार होलिका दहन 2 मार्च (सोमवार) को तथा रंगों की होली 4 मार्च (बुधवार) को मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को प्रातः 7:24 बजे से भद्रा काल प्रारंभ हो जाएगा। पूर्णिमा तिथि सायं 5:18 बजे से लगेगी, जिसके उपरांत होलिका पूजन किया जा सकेगा। भद्रा दोष समाप्त होने के बाद रात्रि 11:53 बजे से 12:50 बजे तक होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रहेगा।

3 मार्च (मंगलवार) को चंद्र ग्रहण के कारण सुबह 9:00 बजे से सूतक काल प्रारंभ हो जाएगा। सूतक लगते ही मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाएंगे और श्रद्धालु सुबह 8:40 बजे तक ही दर्शन व भोग अर्पित कर सकेंगे। ग्रहण सायं 6:00 बजे से 6:48 बजे तक रहेगा। मोक्ष के पश्चात शुद्धिकरण प्रक्रिया पूरी कर मंदिर पुनः खोले जाएंगे। पंडित भट्ट ने बताया कि सूतक काल में भजन-कीर्तन व मंत्र जाप करना शुभ माना गया है। ग्रहण के प्रभाव के चलते 3 मार्च को रंग खेलना शास्त्रसम्मत नहीं होगा, इसलिए रंगोत्सव 4 मार्च को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे धार्मिक नियमों का पालन करते हुए पर्व मनाये।

# आयुष चिकित्सकों का एनटीईपी संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित

## टीबी उन्मूलन को लेकर दी गई विस्तृत जानकारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत आयुष चिकित्सकों का संवेदीकरण कार्यक्रम शहर के एक निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद रावत एवं डिप्टी डीटीओ डॉ. नवीन गुप्ता भी मौजूद रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं टीबी उन्मूलन में आयुष चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

संवेदीकरण कार्यशाला में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने टीबी नोटिफिकेशन, उपचार में नियमितता (ट्रीटमेंट एडहेरेंस) तथा टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर टीबी की पहचान, मरीजों की सही रिपोर्टिंग और उपचार की निरंतरता से ही ऌटीबी मुक्त भारतङ्क का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

कार्यक्रम में हिंदुस्तान लेटेक्स फैमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट, एचएलएफपीपीटी, के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (जेल एवं आयुष हस्तक्षेप) अंजुला सचान, जिला टीबी समन्वयक रजनी कुमारी, आयुष समन्वयक (टीबी) कपिल वर्मा तथा जेल समन्वयक (एचआईवी) श्रीकांत शुक्ला ने भी अपने-अपने विषयों पर जानकारी साझा की और आयुष चिकित्सकों को एनटीईपी के तहत उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया।

यह कार्यक्रम एचएलएफपीपीटी द्वारा संचालित एस शक्ति प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें टीबी उन्मूलन के लिए आयुष चिकित्सकों की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया।

# न्यूजीलैंड की निगाह सेमीफाइनल पर स्पिनरों के सामने होगी इंग्लैंड की परीक्षा

एजेंसी



कोलंबो। अपने स्पिनरों के दम पर पिछले मैच में श्रीलंका पर बड़ी जीत दर्ज करने वाला न्यूजीलैंड शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में इंग्लैंड के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगा।

इंग्लैंड पहले ही अपने दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका है लेकिन यह मैच उसके लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम का भी फैसला होगा। श्रीलंका के खिलाफ 61 रन की बड़ी जीत से न्यूजीलैंड सेमीफाइनल के करीब पहुंच गया है क्योंकि इससे उसका नेट रन रेट अच्छा हो गया है। न्यूजीलैंड का नेट रन रेट प्लस 3.050 है और उसे अगले मैच में बस यह सुनिश्चित करना है कि अगर वह इंग्लैंड से पराजित हो भी जाता है तो हार का अंतर न्यूनतम हो। इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का नेट रन रेट माइनस 0.461 हो गया है। उसे नेट रन रेट में न्यूजीलैंड से आगे निकलने के लिए कीवी टीम की करारी हार के लिए दुआ करनी होगी और साथ ही सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में श्रीलंका को बड़े अंतर से हराना होगा। लेकिन न्यूजीलैंड ने यह साबित कर दिया है कि वह श्रीलंका के खिलाफ छह स्पिनरों के साथ खेलने में सहज था जिसके दम पर उसने बड़े अंतर से जीत हासिल की। इस मैच में न्यूजीलैंड के स्पिनरों और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाने वाले कप्तान हैरी ब्रूक और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों ने ही साइम अयूब, मोहम्मद नवाज और शादाब खान जैसे स्पिनरों के सामने सहज प्रदर्शन किया। लेकिन अब उनके सामने न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती है, जिसके स्पिनर मिचेल सैंटनर, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची पाल्लेकल की तुलना में प्रेमदासा स्टेडियम की अधिक चिपचिपी पिच पर बहुत उपयोगी साबित हो सकते हैं। ब्रूक अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन अनुभवी जोस बटलर को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। बटलर की अच्छी शुरुआत से इंग्लैंड निश्चित रूप से बेहतर स्थिति में आ जाएगा। दूसरी ओर जैक्स की ऑफ स्पिन और लियाम डॉसन की बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण हो सकती है। प्रेमदासा की पिच पर अगर स्पिनर गेंदबाजी कर रहे हों तो 165 से 175 के बीच का कोई भी स्कोर जीत के लिए पर्याप्त हो सकता है। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रविंद्र ने श्रीलंका के खिलाफ बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद कहा कि भले ही उनका स्पिन आक्रमण मजबूत है लेकिन इंग्लैंड को कम करके आंकना गलती होगी। रविंद्र ने कहा, ''इस तरह के मुकाबले में खेलने के लिए हमेशा आत्मविश्वास बना रहता है, विशेषकर जब हमें पता होता है कि पिच कैसी होगी। लेकिन मुझे लगता है कि किसी भी समय इंग्लैंड को कम करके आंकना मूर्खता होगी।

# खिलाड़ियों के खिलाफ 'नकारात्मकता' रोकने के लिए सरकार हस्तक्षेप करे: दासुन शनाका

एजेंसी




कोलंबो। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने कहा कि उनकी टीम के टी20 विश्व कप से बाहर होने के लिए केवल फिटनेस और फॉर्म ही एकमात्र कारण नहीं थे, बल्कि इसके लिए 'बाहर का नकारात्मक माहौल' भी जिम्मेदार रहा। इसके अलावा उन्होंने सरकार से खिलाड़ियों को आलोचना से बचाने के लिए हस्तक्षेप करने की अजीबोगरीब मांग की। शनाका ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में न्यूजीलैंड से हारकर बाहर होने के बाद अपने देशवासियों से माफी मांगी और कहा कि वे उन्हें खुशी देने में असफल रहे। सह मेजबान श्रीलंका करो या मरो मुकाबले में न्यूजीलैंड से 61 रन से हार गया। इससे पहले वह इंग्लैंड से 51 रन से हार गया था, जिससे पाकिस्तान के खिलाफ उसका आखिरी मैच उसके लिए औपचारिक रह गया है। शनाका ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''खिलाड़ी होने के कारण हमारे लिए बाहर हो रही बातों को नियंत्रित करना मुश्किल होता है। हम अधिकतर समय नकारात्मक बातें ही सुनते हैं। चाहे हम खिलाड़ी कितने भी सकारात्मक क्यों न हों, बाहर से नकारात्मक माहौल बन ही जाता है। उन्होंने कहा, ''यह श्रीलंका में क्रिकेट के लिए बड़ा नुकसान है। इस तरह की नकारात्मकता क्यों फैलाई जा रही है। ठीक है हम विश्व कप हार गए। हमें कारण पता हैं। हम सभी चिंतित हैं। शनाका ने कहा, ''मुझे लगता है कि हम खेलेंगे और आगे बढ़ेंगे। लेकिन कम से कम भविष्य के खिलाड़ियों के लिए अगर सरकार हस्तक्षेप करके इन्हें (नकारात्मक बातों को) रोक सकती है तो मुझे लगता है कि यह खिलाड़ियों के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत मददगार साबित होगा। श्रीलंका के कप्तान ने हालांकि टीम के लचर प्रदर्शन के लिए अपने देशवासियों से माफी मांगी। उन्होंने कहा, ''हमें इसका बहुत अफसोस है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच भी ऐसा ही था जिसे हम जीत सकते थे। अगर हम थोड़ा और समझदारी से खेलते तो वह मैच भी जीत सकते थे। यह मैच एकतरफा था। प्रशंसकों के लिए मेरे पास कहने को कुछ नहीं है। हमने उन्हें ऐसी कोई जीत नहीं दी जिस पर वे खुश हो सकें। उन्होंने कहा, '' हमारा एक मैच बाकी है और मुझे उम्मीद है कि कप्तान के तौर पर मैं कम से कम टूर्नामेंट का अच्छा समापन करूंगा।

# क्रिकेट के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के अलावा पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही एसए20 लीग

एजेंसी

नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा आईसीसी टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन का श्रेय काफी हद तक घरेलू टी20 लीग एसए20 को भी जाता है जिसने देश में क्रिकेट के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के अलावा रोजगार के अवसर पैदा किए और पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। जनवरी 2023 में शुरू हुई इस लीग के चार सत्र के दौरान ही दक्षिण अफ्रीकी टीम ने क्रिकेट के मैदान पर कई शानदार नतीजे हासिल किए जिसमें आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में पहुंचना और 2025 में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतना भी शामिल है। भारत और श्रीलंका में चल रहे मौजूदा आईसीसी टी20 विश्व कप में भी दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक अजेय है। इस लीग ने देश के क्रिकेट ढांचे को ही मजबूत नहीं किया है बल्कि देश में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के अलावा पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। इस लीग की सभी छह टीम एमआई केपटाउन, पार्ल रॉयल्स, जोबर्ग सुपरकिंग्स, डरबन सुपर जाइंट्स, प्रिटोरिया कैपिटल्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप के मालिक भारतीय हैं और ऐसे में लीग की नजरें स्थानीय पर्यटकों के अलावा भारतीय पर्यटकों पर भी टिकी हैं। अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर केपटाउन और वेस्टर्न केप की पर्यटन, उद्योग और निवेश को बढ़ावा देने वाली आधिकारिक एजेंसी वेसग्रो ने भी एसए20 की लोकप्रियता को भुनाकर पर्यटकों को आकर्षित करने की योजना बनाई है।

वेसग्रो की कार्यकारी मुख्य पर्यटन अधिकारी जूलिया लोव ने अपनी योजनाओं को साझा करते हुए बताया, ''हम अभी डेस्टिनेशन मार्केटिंग अभियान में व्यस्त हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीवंत रखने के लिए बल्लेबाजी में सुधार करना होगा भारत को

एजेंसी

होबार्ट। मौजूदा विश्व चैंपियन भारत को पहले मैच में बुरी तरह हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला को अगर जीवंत रखना है तो उसे शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टी20 श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद भारतीय टीम वनडे श्रृंखला की अच्छी शुरुआत नहीं कर पाई और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले मैच में छह विकेट से हार गई। भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कभी भी द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीती है। इस प्रारूप में इन दोनों देशों के बीच खेली गई श्रृंखलाओं में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। दोनों टीमों के बीच अभी तक 11 द्विपक्षीय वनडे




श्रृंखला खेली गई हैं जिनमें सभी में ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल की। इनमें 2024 में 3-0 से और सितंबर 2025 में 2-1 से जीत भी शामिल है। लेकिन भारत 2025 में महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर मिली पांच विकेट की जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। वर्तमान श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का सामना करने में नाकाम रहे और पूरी टीम केवल 214 रन पर आउट हो गई। उप-कप्तान स्मृति मंधाना (58), कप्तान हरमनप्रीत कौर (53) और कासवी गौतम (43) को छोड़कर कोई भी अन्य भारतीय बल्लेबाज बड़ी पारियां नहीं खेल सका। वे ऑस्ट्रेलिया की अनुशासित गेंदबाजी के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए। प्रतिका रावल पारी की शुरुआत करते हुए खाता भी नहीं खोल पाई। शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा भी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। भारत को शुक्रवार को इन चारों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। बड़े शॉट लगाने में माहिर विकेटकीपर ऋचा घोष को भी संघर्ष करना पड़ा और वह केवल 23 रन ही बना सकी। टीम को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजों में बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने अपने नौ ओवर में 41 रन देकर दो विकेट लिए लेकिन उन्हें बीच के ओवरों में दीप्ति शर्मा और कासवी जैसी गेंदबाजों से मदद की जरूरत है। लेकिन शुरुआती ओवरों में विरोधी टीम को नुकसान पहुंचाने की जिम्मेदारी तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ पर होगी, जो पहले मैच में असफल रहीं। भारतीय टीम प्रबंधन ऑलराउंडर अमनजोत कौर और स्नेह राणा को टीम में शामिल करने पर भी विचार कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सैंटनर जैसा कप्तान आपको दस फीट लंबा और अभेद्य महसूस कराता है: रचिन रविंद्र

**कोलंबो।** न्यूजीलैंड के आलराउंडर रचिन रविंद्र ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में अपनी टीम की श्रीलंका पर 61 रन से जीत के बाद अपने कप्तान मिचेल सैंटनर की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह अपने साथी खिलाड़ियों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह हैं और उन्हें दमदार महसूस कराने का तरीका ढूंढ लेते हैं। रविंद्र ने इस मैच में 32 रन बनाए और 19 रन देकर चार विकेट भी लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कप्तान सैंटनर की 26 गेंदों पर खेली गई 47 रन की पारी से न्यूजीलैंड 84 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद सात विकेट पर 168 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में श्रीलंका आठ विकेट पर 107 रन ही बना सका। रविंद्र ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''हम सभी जानते हैं कि सैंटनर कितने शांत स्वभाव के हैं, लेकिन उनका सोचने का तरीका भी कमाल का है, जैसे कि किस छोर से कौन सी गेंद फेंकनी है। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अच्छा प्रदर्शन करके आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं। उन्होंने कहा, ''वह हमेशा आपके साथ खड़े रहते हैं और आपका हौसला बढ़ाते हैं। मुझे लगता है कि उनके जैसा कप्तान होना टीम के लिए बहुत अच्छा है। उनके नेतृत्व में मैदान पर उतरते ही आपको ऐसा अहसास होता है जैसे आप 10 फीट लंबे हों और आप अभेद्य महसूस करते हैं। टीम में उनकी मौजूदगी से बहुत फायदा मिलता है। यह केवल खिलाड़ियों को प्रेरित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उपमहाद्वीप की पिचों पर गेंदबाजी करने का सैंटनर का अनुभव भी स्पिन गेंदबाजी इकाई के लिए मददगार साबित होता है। रविंद्र ने कहा, ''हमारे पास सैंटनर हैं, जो सीमित ओवरों की क्रिकेट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में से एक हैं। वह हमें बताते हैं कि कैसी गेंदबाजी करनी है। इससे मदद मिलती है और हमारे पास काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं।

### भारत अंडर20 महिला टीम ने स्वीडिश क्लब एनस्केडे आईके डैम के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला

**नयी दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने स्वीडन के लिडिंगो स्थित बोसन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में स्वीडिश क्लब एनस्केडे आईके डैम के खिलाफ एक मैत्री मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। बुधवार रात को खेले गए इस मैच में सिबानी देवी नोंगमेइकापम ने 44वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई। एनस्केडे ने 88वें मिनट में स्कोर बराबर किया। भारत की अंडर-20 टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन ने टैबी एफके के खिलाफ पिछले मैच में 4-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम के शुरुआती एकादश में आठ बदलाव किए। इससे पहले भारतीय टीम को हैमरबी आईएफ से 0-6 से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम शनिवार को कार्लबर्ग्स बीके के खिलाफ एक और मैत्री मैच खेलेगी। यह दौरा इस साल के आखिर में थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारियों का हिस्सा है।

### चैंपियंस लीग में विनीसियस का कमाल, रियल मैड्रिड ने बेनफिका को हराकर अंतिम-16 में बनाई जगह

**मैड्रिड।** 15 बार के यूरोपीय चैंपियन रियल मैड्रिड ने शानदार वापसी करते हुए बेनफिका को 2-1 से हराया और कुल 3-1 की बढ़त के साथ यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया। सैंटियागो बर्नब्यू में खेले गए रोमांचक मुकाबले में विनीसियस जूनियर ने निर्णायक गोल कर टीम को जीत दिलाई। पहले चरण में 1-0 से पीछे चल रही बेनफिका ने आक्रामक शुरुआत की और 14वें मिनट में राफा सिल्वा के गोल से बढ़त बना ली। गोलकीपर थिबाउट कोर्टुआ ने पहले शानदार बचाव किया, लेकिन रिबाउंड पर राफा ने गेंद को जाल में पहुंचा दिया। हालांकि, रियल मैड्रिड ने तुरंत जवाब दिया। दो मिनट बाद फ़ेडेरिको वाल्वेर्दे के पास पर औरेलियन त्चौआमेनी ने सटीक शॉट लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया। मुकाबला बराबरी पर आने के बाद दोनों टीमों के बीच तेज़ टक्कर देखने को मिली। 32वें मिनट में आर्डा गुलर ने गोल किया, लेकिन वीएआर ने ऑफसाइड करार देते हुए उसे रद्द कर दिया। पहले हाफ के अंत तक बेनफिका ने भी कई मौके बनाए, लेकिन कोर्टुआ ने शानदार बचाव कर टीम को मैच में बनाए रखा। दूसरे हाफ में रियल ने लय पकड़ी। 60वें मिनट में एक चूक के बाद राफा सिल्वा का जोरदार शॉट क्रॉसबार से टकराया, जिससे रियल को बड़ा झटका लगते-लगते बचा। निर्णायक क्षण 80वें मिनट में आया, जब वाल्वेर्दे ने मिडफील्ड से सटीक पास दिया। विनीसियस जूनियर ने ऑफसाइड ट्रैप को भेदते हुए बॉक्स में प्रवेश किया और शांत दिमाग से गेंद को निचले कोने में पहुंचाकर स्कोर 2-1 कर दिया। इसी के साथ मुकाबले का फैसला हो गया। मैच के बाद त्चौआमेनी ने कहा, ्रहमने शुरुआत अच्छी नहीं की, लेकिन हमें भरोसा था कि गोल मिलेंगे। मैच के साथ हमने बेहतर प्रदर्शन किया। रक्षा में थोड़े सुधार की जरूरत है, लेकिन जीत सबसे अहम है। अब अंतिम-16 के ड्रॉ में रियल मैड्रिड का सामना मैनचेस्टर सिटी या स्पोर्टिंग लिस्बन से हो सकता है।

### प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता गुकेश और नीमन का मैच ड्रॉ रहा

**प्राग।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मिडिल गेम में कुछ तनावपूर्ण क्षणों से गुजरने के बाद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के पहले दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन के साथ ड्रॉ खेला। गुकेश सफ़ेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन नीमन ने बर्लिन डिफेंस अपनाया। दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले की यह अच्छी शुरुआत थी। नीमन ने आक्रामक रुख अपनाया और 13वीं चाल पर ही एक मोहरे का बलिदान कर दिया, जिससे सफ़ेद मोहरों से खेलने के बावजूद गुकेश बैकफुट पर आ गये। अमेरिकी खिलाड़ी ने इसके बाद हावी होने की कोशिश की लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने भी अच्छा खेल दिखाया और आखिर में बाजी ड्रॉ करने में सफल रहा। गुकेश को छोड़कर सफ़ेद मोहरों से खेल रहे अन्य खिलाड़ियों ने पहले दौर में जीत हासिल की।

# गोयल ने अमेरिकी वाणिज्य मंत्री लुटनिक से की मुलाकात, व्यापार पर हुई चर्चा

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई। गोयल ने कहा कि व्यापार और आर्थिक साझेदारी के विस्तार पर यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं, जिससे इसकी अहमियत और बढ़ जाती है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक शुल्क आदेश को निरस्त किए जाने के बाद अमेरिका ने दुनिया के सभी देशों पर 150 दिन के लिए 10 फीसदी शुल्क लागू करने का ऐलान किया था। हालांकि, इसे ट्रंप प्रशासन ने बाद में बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है। इसके अलावा ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले सोलर सेल और मॉड्यूल पर 126 फीसदी तक का भारी काउंटरवेलिंग ड्यूटी (अतिरिक्त टैरिफ) लगा दिया है।

## आरबीआई दो मार्च को 25,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड की करेगा अदला-बदली नीलामी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दो मार्च को 25,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड की 'अदला-बदली नीलामी' करने की बुधवार को घोषणा की। अदला-बदली नीलामी के तहत सरकार जल्द परिपक्व होने वाले बॉन्ड को लंबी अवधि वाले नए बॉन्ड से बदल देती है। इससे एक ही साल में बड़ी रकम चुकाने का दबाव कम होता है और भुगतान की समय-सीमा आगे खिसक जाती है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि यह नीलामी सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक होगी। नतीजे उसी दिन जारी किए जाएंगे और लेन-देन का निपटान चार मार्च को होगा। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 में 5.47 लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड परिपक्व होने वाले हैं। ऐसे में यह कदम उस वर्ष के संभावित भुगतान दबाव को कम करने की दिशा में उठाया गया है।

# डब्ल्यूटीओ में भारत की आठवीं व्यापार नीति समीक्षा जुलाई में होगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की आठवीं व्यापार नीति समीक्षा इस साल जुलाई में होगी। इस दौरान सदस्य देशों की तरफ से भारत की व्यापार नीतियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी। बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वित्त मंत्रालय ने कहा कि व्यापार नीतियों की इस समीक्षा से पहले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में भारत के डिजिटल कस्टम सुधारों और व्यापार सुगमता समझौते (टीएफए) के क्रियान्वयन को प्रस्तुत किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य (सीमा शुल्क) सुरजीत भुजबल ने किया। इसके पहले, भारत की सातवीं व्यापार नीति समीक्षा जनवरी, 2021 में जिनेवा स्थित डब्ल्यूटीओ में की गई थी। सीबीआईसी और भारत के स्थायी मिशन ने 24 फरवरी को डब्ल्यूटीओ में विशेष व्यापार सुगमता सत्र आयोजित किए थे। इन सत्रों में करीब 40 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिससे भारत के अनुभव और बेहतर व्यवहार में व्यापक रुचि दिखाई दी। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने डब्ल्यूटीओ के व्यापार सुगमता समझौते के तहत अपनी 100 प्रतिशत प्रतिबद्धताओं को तय समयसीमा के भीतर अधिसूचित कर दिया है। इसके बाद अब देश 'टीएफए प्लस' उपायों की ओर बढ़ रहा है, जो राष्ट्रीय व्यापार सुगमता कार्ययोजना (एनटीएफएपी 3.0) के तहत न्यूनतम मानकों से आगे जाकर वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप सुधारों पर केंद्रित हैं। व्यापार सुगमता पर आयोजित सत्र के दौरान भारतीय सीमा शुल्क विभाग ने 'सम्पूर्ण-सरकार दृष्टिकोण' पर जोर देते हुए चेहरा-रहित, संपर्क-रहित और कागज-रहित सीमा-शुल्क व्यवस्था बनाने के प्रयासों को रेखांकित किया।

## सेबी ने म्यूचुअल फंड वर्गीकरण नियम में सुधार किया, 'लाइफ साइकल फंड' पेश

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को म्यूचुअल फंड योजनाओं के वर्गीकरण के लिए एक संशोधित रूपरेखा जारी की। इसके तहत 'लाइफ साइकल फंड' को शामिल किया गया है, समाधान उन्मुख योजनाओं की श्रेणी को समाप्त किया गया है और एकरूपता और निवेशक संरक्षण को बढ़ाने के लिए खुलासा मानदंडों को सख्त किया गया है। यह कदम, योजनाओं के नाम में बढ़ा-चढ़ाकर किए गए रिटर्न दावों पर अंकुश लगाने और 'नाम के अनुरूप' स्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। सेबी म्यूचुअल फंड के बदलते परिदृश्य और विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में उभरते अवसरों के अनुरूप नियामकीय रूपरेखा बनाने का प्रयास कर रहा है।

# निर्यातकों की वैश्विक बाजारों तक तेज पहुंच के लिए सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सक्षम बनाएंः राजस्व सचिव

एजेंसी



नयी दिल्ली। राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को कहा कि सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को, निर्यातकों को वैश्विक बाजारों तक तेजी एवं निश्चितता के साथ पहुंचने में सक्रिय रूप से सक्षम बनाना चाहिए क्योंकि भारत घरेलू विनिर्माण के विस्तार तथा एमएसएमई व उद्यमियों के समर्थन पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि बजट में घोषित सीमा शुल्क सुधारों के दो मुख्य आधार ''हितधारकों पर विश्वास'' एवं ''प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग'' हैं और सीमा शुल्क विभाग मानव संसाधन तथा प्रौद्योगिकी दोनों क्षेत्रों में प्रणालियों के निर्माण एवं क्षमताओं के संवर्धन के लिए प्रयास करेगा। सीमा शुल्क सुधारों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी-2026 को संबोधित करते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि राजस्व विभाग एवं हितधारकों के बीच संबंधों को लेकर सोच में बदलाव आ रहा है, ताकि कर विभाग तथा उद्योग के बीच एक अधिकारपूर्ण और टकरावपूर्ण संबंध के बजाय साझेदारी, सहयोग व सहकारिता का संबंध बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत आज अपनी आर्थिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। व्यापार कर बढ़ती मात्रा, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में गहन एकीकरण, विकसित हो रहा डिजिटल वाणिज्य परिवेश और नागरिकों की बढ़ती आकांक्षाएं ऐसी शासन प्रणालियों की मांग करती हैं जो कुशल, पारदर्शी व उत्तरदायी हों। राजस्व सचिव ने कहा, '' निर्यात अवसरों पर ध्यान देना भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। भारत को विनिर्माण का विस्तार करने और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम), डिजिटल उद्यमियों तथा स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को निर्यातकों को वैश्विक बाजारों तक तेजी एवं निश्चितता के साथ पहुंचने में सक्रिय रूप से सक्षम बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीमा शुल्क प्रशासन केवल एक नियामक प्राधिकरण नहीं है, बल्कि एक ऐसी संस्था भी है जो आर्थिक वृद्धि को सक्षम बनाती है। साथ ही आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करती है, समाज की सुरक्षा करती है और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाती है। कर विभाग के हितधारकों से परामर्श के लिए मसौदा नियमों को सार्वजनिक पटल पर रखने का उल्लेख करते हुए श्रीवास्तव ने कहा कि यह खुलेपन का भी संकेत है कि हम सभी के हित में जो सुझाव हों, उन्हें सुनने और शामिल करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, '' यह दृष्टिकोण केवल हमारी प्रणालियों में सुधार के बारे में नहीं है। यह प्राधिकरण, कर विभाग और इन हितधारकों (यानी उद्योग) के बीच संबंधों को पुनर्परिभाषित करने के बारे में भी है। इस महीने की शुरुआत में कर विभाग ने नए आयकर अधिनियम, 2025 के तहत मसौदा नियम एवं प्रपत्र सार्वजनिक किए और हितधारकों से सुझाव मांगे। नया आयकर अधिनियम, 2025.. एक अप्रैल से लागू किया जाएगा। यह आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बहुआयामी शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करें मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय : राज्यपाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को देवरी स्थित निर्माणाधीन मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर गुणवत्ता और कार्य प्रगति परखी। साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों और विश्वविद्यालय की दीर्घकालिक विकास योजना को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षण संस्थान नहीं, विंध्य क्षेत्र के समग्र विकास का केंद्र बनेगा। राज्यपाल ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और शैक्षणिक ढांचे की रूपरेखा पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और तय समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने उपस्थित स्कूली बच्चों को स्कूल बैग वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने नियमित अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारण पर जोर दिया। राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विश्वविद्यालय को भविष्य में एक बहुआयामी शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जहां पारंपरिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ रोजगारपरक, तकनीकी और शोध आधारित पाठ्यक्रम भी संचालित हों। उन्होंने विशेष रूप से कृषि, वन, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, स्थानीय हस्तशिल्प और उद्यमिता से



जुड़े विषयों को प्राथमिकता देने की बात कही, ताकि विंध्य क्षेत्र की स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने परिसर को 'ग्रीन कैंपस' के रूप में विकसित करने, डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लासरूम और अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना पर जोर दिया। साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास, खेल परिसर और शोध केंद्र स्थापित करने की योजना पर भी चर्चा हुई। बैठक में यह भी तय किया गया कि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए अनुभवी शिक्षकों की नियुक्ति, उद्योगों से समन्वय और स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना की दिशा में कार्य किया जाएगा। इस दौरान कुलपति प्रो. शोभा गौड़ समेत डीएम पवन कुमार गंगवार, एसपी अपर्णा रजत कौशिक आदि उपस्थित थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल सहित जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा कराने का आश्वासन दिया। कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार विंध्य क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है और मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय को एक मॉडल विश्वविद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा।

# वाराणसी मंडलायुक्त ने आईआरटीएस ट्रेनी अफसरों से किया संवाद, नवाचार अपनाने पर जोर




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**■ बोले – प्रशासनिक सेवा में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता आवश्यक**

वाराणसी। उत्तर प्रदेश वाराणसी परिक्षेत्र के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने गुरूवार को भारतीय रेल यातायात सेवा (आईआरटीएस) 2023 व 2024 के 9 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ संवाद किया। इस संवादात्मक बैठक का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सुशासन के सिद्धांतों तथा जनसेवा के प्रति दायित्वों पर मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस दौरान मंडलायुक्त ने ट्रेनी अधिकारियों से कहा कि प्रशासनिक सेवा में पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने कार्यकाल के दौरान जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें तथा रेलवे सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए नवाचार अपनाएं। बैठक के दौरान अधिकारियों ने भी विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका मंडलायुक्त ने विस्तार से उत्तर दिया। उन्होंने रेलवे संचालन, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा मानकों और समन्वय की महत्ता पर विशेष बल दिया। मंडलायुक्त ने संवाद के बाद प्रशिक्षु अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वाराणसी जक्शन (कैंट रेलवे स्टेशन)स्टेशन के डायरेक्टर अर्पित गुप्ता समेत संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित कार रेलिंग तोड़ कर पुल से नीचे गिरी, दो की मौत

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर में नजीबाबाद थाना क्षेत्र में हरिद्वार रोड पर समीपुर के निकट बीती रात गंग नहर के पुल से एक बोलेरो कार 50 फुट नीचे गहराई में जा गिरी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए। सीओ नीतीश प्रताप सिंह ने गुरुवार को बताया कि बीती रात्रि लगभग दो बजे बारात से ऋषिकेश वापस लौट रही अनियंत्रित बोलेरो कार समीपुर के पास रेलिंग तोड़ते हुए गंग नहर पुल से नीचे जा गिरी। इस हादसे में सचिन (30) व सतीश (35) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विशाल, गोविंद, अंकित, सुनिल गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने काशी विश्वनाथ मंदिर में लगाई हाजिरी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को श्री काशी विश्वनाथ दरबार में विधिवत हाजिरी लगाई। दो दिवसीय दौरे पर शहर आए केंद्रीय मंत्री ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में पावन ज्योर्तिलंग का अभिषेक कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। मंदिर में दर्शन पूजन के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री ने बाबा विश्वनाथ से देश में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। दर्शन पूजन के बाद मंदिर के बाहर पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने सभी से विकसित भारत




के निर्माण में योगदान देने के लिए अपील की। आगामी होली पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि भगवान शिव सभी पर कृपा और आशीर्वाद की वर्षा करें। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मामले से जुड़े सवाल को टालते हुए कहा कि होली रंगों और खुशियों का त्योहार है, जिसमें सभी को गिले-शिकवे भूलकर प्रेम से एक साथ मिलकर होली मनानी चाहिए। यह त्योहार हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है। केंद्रीय मंत्री ने काशी के सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक महत्व का जिक्र कर कहा कि काशी भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। इसके पहले उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि भगवान शिव की पावन नगरी काशी में श्री बाबा विश्वनाथ जी के दर्शन पूजन से मन अलौकिक उर्जा से भर गया। देवाधिदेव महादेव का आर्शीवाद हम सभी पर बना रहे,सभी के जीवन में सुख शांति एवं समृद्धि का वास हो, यहीं कामना है।

# इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने अस्पताल पर लगाया लापरवाही का आरोप

उरई। उत्तर प्रदेश के जालौन कोतवाली क्षेत्र के तोपखाना मोहल्ला निवासी 25 वर्षीय शबाना बेगम की बुधवार की देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। परिजन उन्हें आनन-फानन में लोटस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के देवर मोहम्मद चांद ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही की वजह से उनकी भाभी की जान गई है। उन्होंने बताया कि इलाज में देरी की गई और डॉक्टरों ने समय पर जरूरी कदम नहीं उठाए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक शबाना बेगम की 20 फरवरी को डिलीवरी हुई थी, जिसके बाद से ही उनकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी। बुधवार की शाम अचानक हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल लाया गया था। मृतका के पति वजीर खान, भाई युसूफ समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जालौन कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। यदि लापरवाही पाई गई तो अस्पताल प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संपादक मण्डल

संस्थापक/संरक्षक
संजीव श्रीवास्तव

प्रधान संपादक
हरिनाथ सिंह

सलाहकार संपादक
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

स्थानीय संपादक
दिनेश कुमार गर्ग

कार्यकारी संपादक
अभयानंद शुक्ल

आध्यात्मिक संपादक
राम महेश मिश्र

ब्यूरो चीफ
मनोज कुमार शुक्ला

स्टेट कोआर्डिनेटर
विपिन सोनी

संपर्क मुख्यालय
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

संपर्क कार्यालय
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ

# पुलिस मुठभेड़ में दो नकबजन गिरफ्तार, तीन लाख नकद व असलहा बरामद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में शाही थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए गुरुवार को पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तीन लाख रुपये से अधिक नकद, अवैध तमंचे और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। मुठभेड़ में एक आरोपित पैर में गोली लगने से घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। थाना शाही क्षेत्र के कस्बा स्थित मोहल्ला आजमनगर में बीती पांच-छह फरवरी की रात को चांद बाबू के घर ताला तोड़कर चोरी की घटना हुई थी। चोर घर से सोने-चांदी के आभूषण और 28 हजार रुपये नकद ले गए थे। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना शाही के प्रभारी राजेश कुमार बैंसला ने बताया कि पुलिस टीम के साथ बीती रात बुधवार को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि वारदात में शामिल आरोपित इमरान अपने साथी तौफीक के साथ चोरी के जेवर बेचकर मिले रुपये लेकर दिल्ली भागने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बीएसएनएल चौराहे के पास घेराबंदी की। इस बीच



बैंक सवार दो युवकों को आता देख पुलिस के रुकने के इशारा किया लेकिन दोनों भागने लगे। पीछा करने पर शाही-मिर्ज़ापुर रोड स्थित श्मशान के पास उनकी बाइक फिसल गई और दोनों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। इसमें इमरान के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसके साथ इमरान निवासी आजमनगर समेत दबोच लिया गया। आरोपित इमरान पर पहले से 13 और तौफीक पर आठ मुकदमे दर्ज हैं। बरामद नकदी चोरी के जेवर बेचकर प्राप्त की गई है।

# होली पर्व में मिलावट के खिलाफ अभियान तेज, खाद्य विभाग ने आधा दर्जन खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उरई। होली त्योहार को देखते हुए शासन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने उरई जिला मुख्यालय में सघन अभियान चलाकर विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। त्योहार के दौरान आमजन को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप की स्थिति रही। सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार को उरई के गणेश गंज स्थित एक किराना दुकान सहित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान से मैदा, बेसन, किसमिस, कचरी, मिठाई समेत आधा दर्जन खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। जांच के दौरान संबंधित दुकान का पंजीकरण न होने पर दुकानदार को नोटिस जारी किया गया। टीम ने खुले में बेचे जा रहे खाद्य पदार्थों के भी



सैंपल भरे। निरीक्षण के दौरान सरसों का तेल, रिफाइंड और खुले में रखे रंगयुक्त पापड़ संदिग्ध पाए गए, जिनके नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेज दिए गए हैं। सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. जतिन कुमार सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि कोई नमूना मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मिलावटखोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय सहित विभागीय टीम अभियान में सक्रिय रही। अधिकारियों ने बताया कि होली तक यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा और विभिन्न बाजारों में निरीक्षण कर नमूना संग्रह की कार्रवाई की जाएगी, ताकि त्योहार पर लोगों को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

# बिजनौर की बान नदी का होगा जीर्णोद्धार डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर की जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट में जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति, मानव गुलदार संघर्ष समिति की बैठकें आयोजित की गई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि जिले की बान नदी का जीर्णोद्धार भी मालन नदी के तर्ज पर किया जाएगा और नदी के प्रवाह मार्ग का चिन्हांकन कर कब्जा मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने सिंचाई विभाग के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि बान नदी के प्रवाह क्षेत्र का सर्वे कराएं और उसकी आख्या जल्द से जल्द उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि बान नदी के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया जा सके। उन्होंने गंगा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ब्लॉक मुहम्मदपुर देवमल क्षेत्र के ग्राम बादशाहपुर, दयालपुर सहित अन्य गांवों के किसी भी नाले गंगा पानी नदी में प्रवाहित न होने पाए। जिलाधिकारी ने पर्यावरण समिति की बैठक की समीक्षा के दौरान वायु प्रदूषण के मानकों का अनुपालन न करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा जुर्माना लगाने तथा चालानों में बढ़ोत्तरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश कि अस्पतालों में शत प्रतिशत बारकोड लगाना सुनिश्चित करें और बारकोड के आधार पर ही अस्पतालों से बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण भी कराएं। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा मानव-गुलदार संघर्ष न्यूनीकरण संबंधी बैठक की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि जहां-जहां गुलदार की घटनाएं हो रही है, वहां पर गुलदार से बचाव के लिए जागरूकता कैंप का आयोजन करें और जहां पर भी गुलदार देखा जा रहा है, वहां पर सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक तैयारी करना सुनिश्चित करें, ताकि कोई दुर्घटना न होने पाए । इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी, डीएफओ, अपर पुलिस अधीक्षक, डीसी मनरेगा सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी तथा धर्मगुरु मौजूद थे।

# बरेली की प्लाई फैक्टरी पर आयकर का बड़ा छापा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**■ यूपी से उत्तराखंड तक एक साथ कई टीमें कर रहीं जांच**

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली के फरीदपुर क्षेत्र के भगवानपुर फुलवा गांव स्थित पांचजन्य प्लाई बोर्ड फैक्टरी पर गुरुवार तड़के आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। सुबह करीब पांच बजे विभाग की गाड़ियों का काफिला फैक्टरी गेट पर पहुंचा और टीम ने अंदर घुसते ही जांच शुरू कर दी। अचानक हुई इस छापेमारी से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग की करीब 10 टीमें एक साथ अलग-अलग ठिकानों पर सक्रिय हुईं। फैक्टरी मालिक रवि नोमानी के आवास सहित उनकी अन्य औद्योगिक इकाइयों पर भी दबिश दी गई। बताया जा रहा है कि कार्रवाई का दायरा उत्तर प्रदेश के साथ-साथ उत्तराखंड तक फैले कारोबारी प्रतिष्ठानों तक है। टैक्स चोरी की आशंका के चलते यह समन्वित छापेमारी की गई है। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई। फैक्टरी परिसर के बाहर सीआरपीएफ के जवान तैनात रहे और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। अंदर आयकर अधिकारी खातों, कंप्यूटर डाटा और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की गहन पड़ताल में जुटे रहे। छापेमारी के कारण फैक्टरी का कामकाज पूरी तरह ठप रहा। सुबह की पाली में पहुंचे मजदूरों को गेट से ही लौटा दिया गया। हालांकि मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मी ने बताया कि मजदूरों के प्रवेश पर सुरक्षा बलों की ओर से रोक नहीं थी, बल्कि प्रबंधन ने एहतियातन संचालन बंद रखा। इस हाईप्रोफाइल कार्रवाई से औद्योगिक क्षेत्र में खलबली मच गई है। कारोबारियों में बेचैनी है और सबकी नजरें जांच के नतीजों पर टिकी हैं। फिलहाल आयकर विभाग की कार्रवाई जारी है। प्लाई बोर्ड एसोसिएशन के अध्यक्ष शेखर अग्रवाल ने कहा कि आयकर विभाग की कार्रवाई से उद्योग जगत में हलचल है। हमारा मानना है कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। यदि कहीं अनियमितता है तो कानून अपना काम करे, लेकिन ईमानदार कारोबारियों को अनावश्यक परेशान नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि इस छापेमारी को लेकर आयकर विभाग की ओर से अधिकृत बयान नहीं दिया गया है।